(हिन्दी दैनिक)

# न्यूज गाइड

आपका देश आपकी बात...



वर्ष : 14, अंक : 84 पृष्ठ : 8 | www.newsguide.in | Email: newsguidelko@gmail.com | लखनऊ, गुरुवार, 12 जनवरी 2023 | मूल्य : 1.50

राजधानी में भव्य रोड शो का आयोजन .... 3 जातीय गणना के बाद की आशंकाए ....4 दुर्भाग्यपूर्ण है कि इशान को नहीं खिला पाएंगे ...7

## संक्षिप्त समाचार

### लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की सुनवाई पूरी करने में लग सकते हैं 5 साल

(एजेंसी) नई दिल्ली। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की सुनवाई कर रहे सत्र न्यायाधीश ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि सामान्य तौर पर मुकदमे की सुनवाई पूरी करने में लगभग पांच साल लग सकते हैं। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा का बेटा आशीष मिश्रा भी एक आरोपी है। शीर्ष अदालत को भेजे पत्र में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने कहा है कि मामले में अभियोजन पक्ष के 208 गवाह, 171 दस्तावेज और फॉरेसिंक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की 27 रिपोर्ट हैं। शीर्ष अदालत ने पिछले महीने सत्र अदालत से पूछा था कि उस अदालत में अन्य लंबित या प्राथमिकता वाले मुकदमों की समय-सारणी से समझौता किए बिना लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की सुनवाई पूरी करने में सामान्य तौर पर कितना समय लगने की संभावना है। पीठ अक्तूबर 2021 में लखीमपुर खीरी में प्रदर्शन कर रहे किसानों को एसयूवी से कुचलने के मामले में आशीष मिश्रा की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही है।

### बर्फीली खाई में गिरने से हिमाचल के 2 बेटों समेत 3 सैनिक शहीद

(एजेंसी) जम्मू। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के मच्छेल सेक्टर में बर्फीली गहरी खाई में गिर जाने से एक जूनियर कमीशंड अधिकारी सहित तीन सैनिकों की मौत हो गई। इनकी पहचान नायब सूबेदार पुरुषोत्तम कुमार, हवलदार अमरीक सिंह और सिपाही अमित शर्मा के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर के बिश्नाह इलाके के रहने वाले पुरुषोत्तम कुमार (43) 1996 में सेना में भर्ती हुए थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। वहीं, 39 वर्षीय अमरीक सिंह हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के रहने वाले थे और उनके परिवार में पत्नी व एक बेटा है। अमित शर्मा (23) हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के निवासी थे और वह 2019 में सेना से जुड़े थे। उनके परिवार में उनकी मां हैं। रक्षा विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि यह घटना मंगलवार शाम करीब साढ़े 5 बजे उस समय हुई, जब सैनिकों का दल एक संकरे रास्ते पर नियमित गश्त पर था। दल के अग्रिम चौकी की तरफबढ़ने के दौरान संकरे रास्ते पर बिछी बर्फ की मोटी पर्त टूट गई, जिससे जेसीओ और दोनों सैनिक फिसलकर गहरी खाई में गिर गए। नजदीकी चौकी पर तैनात जवानों ने तत्काल खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया।

### रोहतक के गांव बोहर में बाप-बेटी की गोली मारकर हत्या

(एजेंसी) रोहतक। गांव बोहर में पिता-पुत्री की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना का पता चलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस का मानना है कि पत्नी के साथ विवाद चल रहा है और हो सकता कि इसी के चलते वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस के अनुसार गांव बोहर निवासी सुरेंद्र सिंह पशुओं का चारा डालने के लिए कमरे में गया था, इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। हमलावरों ने दूसरे कमरे में सो रही उसकी 13 वर्षीय बेटी निकिता की भी गोली मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। पिता-पुत्री की हत्या की खबर का पता चलने पर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। पुलिस अधीक्षक उदय सिंह मीणा ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया।

# 2024 का रण जीतने के लिए यूपी बीजेपी का मास्टर प्लान

## संगठन में बदलाव के साथ मिशन 80 पर रहेगा जोर

(संवाददाता)

लखनऊ । जैसे-जैसे 2024 का लोकसभा चुनाव करीब आ रहा है। वैसे-वैसे राजनीतिक पार्टियां भी चुनाव में दमखम के साथ तैयारियों में लग गई है। चुनाव को लेकर सबसे ज्यादा एक्टिव यूपी बीजेपी दिख रही है। इसका कारण देश की संसद में सबसे ज्यादा लोकसभा की सीटों का उत्तर प्रदेश में होना है। देश के 543 लोकसभा सीटों में 80 लोकसभा की सीटें उत्तर प्रदेश से आती है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीट में से 66 सीटों पर बीजेपी या उसके सहयोगी पार्टियों का कब्जा है। इसके बाद 10 सांसदों के साथ बहुजन समाज पार्टी, 3 सांसदों के साथ समाजवादी पार्टी व 1 सीट पर कांग्रेस का कब्जा है। अपने इसी जीत को बनाए रखने के लिए भाजपा जीतोड़ मेहनत करने के साथ ही उत्तर प्रदेश भाजपा में बदलाव करने जा रही है।आपको बता दे कि प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव व उसके बाद होने वाले 2024 में होने वाले लोकसभा के आम चुनाव को नजर में रखते हुए भाजपा अपने संगठन में बदलाव करने जा रही है। इस बदलाव में करीब 30: नए चेहरों को संगठन में जगह मिल सकता है। भाजपा इस बार युवाओं पर दाव खेलने चाहती है और इस बदलाव में करीब 20: युवाओं को जिम्मेदारी मिलना तय माना जा रहा है। संगठन में बदलाव को लेकर बीजेपी कार्यसमिति की बैठक की बैठक 16 व 17 जनवरी को दिल्ली मुख्यालय में होने वाली है। केंद्रीय नेतृत्व की हरी झंडी मिलते ही ये बदलाव 1 महीने के अंदर कर दिया जाएगा। यूपी बीजेपी के संगठन के साथ ही सरकार में भी बदलाव होने की संभावना है। संगठन व सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर बैठे ऐसे लोग जो अपना काम ठीक से नहीं कर रहे है या जनता में उनको लेकर कोई अच्छी प्रतिक्रिया नहीं है। बीजेपी उनको सरकार व संगठन से बाहर करने पर विचार कर रही है। ऐसे में कई मंत्रियों व पदाधिकारियों को अपना पद गंवाना पड़ सकता है। पिछले दो आम चुनावों 2014 व 2019 से बीजेपी लगातार 65 सीटें जीत रही है। 2014 के मोदी लहर में बीजेपी ने यूपी के 80 में से 72 सीटों पर जीत दर्ज की थी. वहीं 2019 के आम चुनावों में सपा बसपा का गठबंधन होने के बावजूद बीजेपी 64 सीट जीतने में कामयाब रहीं। चुनाव जीतने के बाद यूपी बीजेपी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के लोकसभा के सभी 80 सीटों को जीतने का लक्ष्य बना कर काम कर रही है। मिशन 80 को लेकर यूपी बीजेपी ने अगस्त में प्रदेश स्तर की बैठक बुलाई थी। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारियों को बुलाया गया था और उन्हें अपने अपने जिले में मिशन मोड पर 2024 की तैयारी करने का निर्देश दिया गया था। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, सभी कैबिनेट मंत्री तत्तकालिन बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष व वर्तमान में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, व यूपी बीजेपी के प्रभारी राधा मोहन सिंह शामिल हुए थे।

### चिराग पासवान की जान को खतरा, आईबी की रिपोर्ट पर मिली जेड कैटेगरी की सुरक्षा

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लोकसभा सांसद चिराग पासवान को जेड कैटेगरी की सुरक्षा दी है। ये सुरक्षा उन्हें बिहार में दी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक आईबी की थ्रेट परसेप्शन रिपोर्ट के आधार पर चिराग पासवान को ये सुरक्षा दी गई है। बता दें कि पासवान बिहार के जमुई लोकसभा सीट से सांसद और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) गुट के नेता हैं। खुफिया एजेंसी आईबी ने हाल ही में चिराग पासवान को लेकर गृह मंत्रालय को एक थ्रेट परसेप्शन रिपोर्ट सौंपी थी।

# राहुल गांधी के देश जोड़ने से डरे भागवत देश तोड़ने वाले बयान दे रहे : शाहनवाज आलम

(संवाददाता)

लखनऊ । उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा है कि मोहन भागवत मुस्लिम विरोधी हिंसा को जायज ठहराने और उसे और उग्र करने के लिए बहुसंख्यक समुदाय के एक काल्पनिक आंतरिक शत्रु से युद्ध में होने का आपराधिक झूठ गढ़ रहे हैं. यह देश को आंतरिक तौर पर विभाजित करने के संघ के किसी बड़े हिंसक कार्यवाई से पहले की चेतावनी है. संविधान की शपथ लेकर चलने वाली मोदी सरकार को हिंसक धमकी देने वाले भागवत के खिलाफ कानूनी कार्यवाई करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि देश हिंदुत्व से नहीं बंधुत्व से चलेगा. गौरतलब है कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एक इंटरव्यू में कहा है कि हिंदुओं का उग्र होना स्वाभाविक है और वे एक आंतरिक शत्रु से युद्धरत हैं.

उन्होंने यह भी कहा था कि मुसलमानों को अपनी श्रेष्ठता की मानसिकता से बाहर आ जाना चाहिए और मुसलमानों को कोई खतरा नहीं है और उन्हें अपने पुराने धर्म में वापसी कर लेनी चाहिए. मोहन भागवत के इस बयान पर शाहनवाज आलम ने कहा कि आरएसएस भविष्य की तरफ देखने के बजाए लोगों को काल्पनिक अतीत का सपना दिखाता है. जिसका मकसद दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और महिलाओं पर कुछ कथित श्रेष्ठ जातियों का शासन कायम करना है. उनके इस श्रेष्ठतावादी विचार को संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर ने समझ लिया था और इसलिए उन्होंने संविधान में न सिर्फ सभी को समान हैसियत दिया था बल्कि लाखों दलितों के साथ बौद्ध धर्म भी अपना लिया था. शाहनवाज आलम ने कहा कि मोहन भागवत राहुल गांधी द्वारा भारत को जोड़ने के लिए की जा रही पदयात्रा से घबरा गए हैं और देश को तोड़ने के लिए इस तरह के बयान दे रहे हैं. यह उनकी कुंठा को दर्शाता है. शाहनवाज आलम ने कहा कि इस देश में सभी लोग संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों और सुरक्षा की गारंटी के तहत रह रहे हैं. किसी संगठन या नेता के आश्वासन के भरोसे नहीं. उन्होंने कहा कि कन्याकुमारी से पंजाब तक की पदयात्रा में कहीं पर भी सांप्रदायिक हिंसा का समर्थन करने वाले लोग नहीं मिले. संघ को यह रास नहीं आ रहा है. उन्होंने कहा कि भागवत जी को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि लोगों ने हिंदुत्व के नाम पर भाजपा को वोट दिया था.

### उपहार अग्निकांडः हाईकोर्ट पहुंचे अंसल बोले- वेब सीरीज मुझ पर हमला

(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में 1997 में हुए उपहार सिनेमा अग्निकांड में दोषी पाए गए रियल एस्टेट कारोबारी सुशील अंसल ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष कहा कि वेब सीरीज 'ट्रायल बाई फायर सीधे तौर पर उनके व्यक्तित्व पर प्रहार करती है। सुशील अंसल ने वेब सीरीज 'ट्रायल बाई फायर की रिलीज पर रोक के लिए दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। नेटफ्लिक्स पर 13 जनवरी को रिलीज होने वाली यह सीरीज उपहार कांड पर आधारित बताई जाती है। अंसल ने अदालत से वेब सीरीज की रिलीज के खिलाफ व्यवस्था देने का आग्रह किया है। वेब सीरीज के टीजर को चार दिनों के भीतर 15 लाख बार देखा जा चुका है। रियल इस्टेट क्षेत्र के उद्यमी अंसल (83) ने यह मांग भी की है कि पुस्तक 'ट्रायल बाई फायर-द ट्रैजिक टेल ऑफ द उपहार ट्रेजेडी के वितरण और प्रकाशन पर रोक लगाई जाए।


जस्टिस यशवंत वर्मा ने डेढ़ घंटे से अधिक समय तक दलीलें सुनने के बाद इस मामले में आदेश सुरक्षित रख लिया। सुशील अंसल की याचिका का वेब सीरीज के निर्माताओं और पुस्तक के लेखकों- नीलम और शेखर कृष्णमूर्ति के वकील ने जोरदार विरोध किया। इस अग्निकांड में नीलम और शेखर कृष्णमूर्ति के दो बच्चों की मौत हो गयी थी। उपहार सिनेमा में 13 जून, 1997 को हिंदी फिल्म 'बॉर्डर के प्रदर्शन के दौरान भयावह आग लग गयी थी, जिसमें 59 लोग मारे गये थे।

# सरहिंद में बोले राहुल गांधी

## भाईचारे और सम्मान के भाव में विश्वास रखता है भारत

(एजेंसी)

फतेहगढ़। साहिब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर देश में भय और नफरत फैलाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि भारत भाईचारे, एकता तथा सम्मान के भाव में यकीन रखता है, और यही कारण है कि 'भारत जोड़ो यात्रा सफल हो रही है। राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा के पंजाब चरण की शुरुआत से पहले यहां सरहिंद में लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही।



राहुल ने कहा, 'देश में नफरत का माहौल बना दिया गया है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोग देश को बांट रहे हैं। ये लोग एक धर्म को दूसरे धर्म के खिलाफ एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ एक भाषा को दूसरी भाषा के खिलाफ खड़ा करने का काम कर रहे हैं।... और इन्होंने देश का माहौल खराब कर दिया है। इसलिए हमने सोचा कि देश को एक और रास्ता दिखाने की जरूरत है, जो प्रेम, एकता और भाईचारे का हो, इसलिए हमने यह यात्रा शुरू की है। कांग्रेस नेता ने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा को जबरदस्त जन समर्थन और प्रतिक्रिया मिली है और यह एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने के साथ और भी बेहतर हुई है। राहुल ने कहा, 'इसकी एक वजह है- जो नफरत, डर और हिंसा भाजपा के लोगों द्वारा फैलाई जा रही है, यह न तो देश की रीत है, और न ही हमारा ऐसा इतिहास रहा है। यह देश भाईचारे, एकता और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना में विश्वास रखने वाला देश है। और इसीलिए यह यात्रा सफल हो रही है।श् राहुल गांधी ने कहा कि इस यात्रा के दौरान उन्होंने किसानों, छोटे दुकानदारों, मजदूरों और बेरोजगार युवाओं से बात करके बहुत कुछ सीखा। भारत जोड़ो यात्रा के इस चरण में राहुल गांधी के साथ कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा, कांग्रेस की हरियाणा इकाई के प्रमुख भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी सहित कई अन्य नेता शामिल हुए। इससे पहले राहुल गांधी ने बुधवार सुबह गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब में मत्था टेका। इस दौरान राहुल गांधी पगड़ी और आधी बाजू की टी-शर्ट पहने नजर आए। यात्रा के पंजाब-चरण के कार्यक्रम के अनुसार, यह सरहिंद से शुरू होकर मंडी गोबिंदगढ़, खन्ना, साहनेवाल, लुधियाना, गोरायां, फगवाड़ा, जालंधर, दसूआ और मुकेरियां से होते हुए आगे बढ़ेगी। यात्रा के जम्मू-कश्मीर में प्रवेश करने से पहले, 19 जनवरी को पठानकोट में पार्टी की एक रैली होगी।

# सबके दुख व संकट में साथ खड़ी है सरकार : योगी

(एजेंसी)

गोरखपुर। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवंगत वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर डीके गुप्ता व सुपरिचित भोजपुरी गायक संतराज गोरखपुरी के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वर्गीय डीके गुप्ता व स्वर्गीय संतराज गोरखपुरी के परिजनों से गोरखनाथ मंदिर के अपने सभाकक्ष में मुलाकात की। उन्होंने गहरी शोक संवेदना जताने के साथ परिजनों को ढांढस भी बंधाया। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता की धनराशि का चेक प्रदान किया। साथ ही दोनों के परिवारों को आश्वस्त किया कि दुख और संकट की घड़ी में वह और उनकी सरकार हर वक्त साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने दोनों परिवारों के लोगों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि किसी भी तरह की आवश्यकता होने पर वह उनसे संपर्क कर सकते हैं आवश्यकता की पूर्ति में वह सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। मुख्यमंत्री से मिले इस संबल पर स्वर्गीय डीके गुप्ता की पत्नी श्रीमती कुसुम गुप्ता व संतराज गोरखपुरी की पत्नी श्रीमती बिंदु देवी भावुक हो



गईं। उन्होंने कहा कि महाराज जी उनके लिए अभिभावक की तरह हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तीन दशक तक पत्रकारिता जगत में सक्रिय रहते हुए डीके गुप्ता (दिनेश कुमार गुप्ता) जी ने एक छायाकार के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका निधन समाज, खासकर पत्रकारिता जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने भोजपुरी गायक संतराज गोरखपुरी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी संगीत साधना से संतराज गोरखपुरी ने भोजपुरी गायकी को विशिष्ट पहचान दी। मंत्री ने दोनों दिवंगत की आत्माओं की शांति के लिए गुरु गोरक्षनाथ से प्रार्थना की।

बुधवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में प्रातरू भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ हमेशा की तरह मंदिर की गोशाला पहुंचे। गोवंश की सेवा करते हुए कुछ वक्त उनके बीच बताया।

# देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई

(एजेंसी)

नई दिल्ली। देश भर में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है, जिससे मृतकों की संख्या 5,30,722 पर बरकरार है और मृत्युदर 1.19 फीसदी बनी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 220.15 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में कोरोना के सक्रिय मामले बढ़कर 2,342 हो गए हैं और सक्रिय मामलों की दर 0.1 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में 148 मरीजों ने कोरोना को मात दी है और इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,47,322 हो गयी है। स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत तक पहुंच गयी है। देश में पिछले 24 घंटे में आठ राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेश में कोरोना के नए मामले सामने आए हैं और अन्य राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में इनकी संख्या में कमी आयी है।

राष्ट्रीय राजधानी में पिछले 24 घंटे में तीन सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 24 हो गयी। इस महामारी से अब तक 19,80,749 लोग स्वस्थ हो चुके हैं और अभी तक 26,522 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। पिछले 24 घंटों में दक्षिण भारत के केरल में चार सक्रिय मामले घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 1,342 रह गयी है, जबकि इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 67,56,058 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 71,567 पर बरकरार है। कर्नाटक में छह सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 210 हो गए हैं। राज्य में इस महामारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 40,31,835 हो गई है और मृतकों की संख्या 40,308 पर स्थिर है। देश की आर्थिक नगरी महाराष्ट्र में कोरोना के 19 सक्रिय मामले बढ़ने से सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 146 हो गयी है। इस दौरान पांच लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 79,88,280 तक पहुंच गयी है और राज्य में मृतकों का आंकड़ा 1,48,418 है। केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में पिछले 24 घंटे में 16 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 54 हो गयी।

# रायबरेली में भीषण सड़क हादसा, 6 की मौत

## गुरबक्शगंज के खगरिया खेड़ा गांव के पास बुधवार की सुबह भीषण हादसा

- उद्यान मंत्री सड़क दुर्घटना में मृतकों व घायलों के परिवारजनो से जाकर मिले
- सीएम योगी ने रायबरेली हादसे पर जताया दुःख

(संवाददाता)

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रायबरेली में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर जाकर राहत कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। रायबरेली। बांदा-बहराइच





स्टेट हाईवे पर गुरबक्शगंज के खगरिया खेड़ा गांव के पास बुधवार की सुबह भीषण हादसा हो गया। बछरावां से लालगंज की तरफ जा रहा डंपर अनियंत्रित होकर चाय की गुमटी पर खड़े लोगों को रौंदते हुए खंती में चला गया। हादसे में से लोगों की मौत हुई है, जिनकी पहचान कराई जा रही है। सभी मृतक खागिया खेड़ा के बताए जा रहे हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है। उक्त हादसा सुबह करीब छह बजे हुआ है। खगिया खेड़ा गांव के लोग गुमटी पर चाय पीने के लिए खड़े थे। ललई, लल्लू और रविंद्र की डेड बॉडी की पहचान कराई जा चुकी है।

# विधानसभा चुनाव में स्थानीय प्रत्याशियों को दी जाएगी प्राथमिकता : कमलनाथ

(एजेंसी)


भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण के फार्मूले को लेकर आज कहा कि स्थानीय प्रत्याशियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो लोग जमीन पर अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें टिकट दिया जाएगा। श्री कमलनाथ यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के लिए टिकट वितरण का फार्मूला यही होगा कि स्थानीय प्रत्याशी को प्राथमिकता दी जाएगी। जो लोग जमीन पर अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें टिकट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो सीटें कांग्रेस कई चुनाव से हार रही है, वहां भी फीडबैक मिल रहा है कि जनता बदलाव के मूड में है। पार्टी में किसी तरह की गुटबाजी नहीं है। कोई किसी नेता का ज्यादा करीब होता है कोई किसी दूसरे नेता का, इसमें कोई बुराई नहीं है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह के सवाल पर श्री कमलनाथ ने कहा कि वह सतना के कार्यक्रम में इसलिए नहीं आए थे कि वे कहीं व्यस्त थे। इसकी सूचना उन्होंने मुझे दे दी थी वह आज शाम को मुझसे मिल रहे हैं। भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर के हेट स्पीच वाले सवाल पर श्री कमलनाथ ने कहा कि हेट स्पीच भारतीय लोकतंत्र के लिए नई चुनौती है।

# अभाविप एक अग्रणी छात्र संगठन : याज्ञवल्क्य

## अभाविप छात्रनेता सम्मेलन में शामिल रहे कई दिग्गज

संवाददाता

प्रयागराज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् अपने स्थापना काल से ही संगठनात्मक,रचनात्मक एवं आंदोलनात्मक गतिविधियों के माध्यम से एक सशक्त छात्रशक्ति के निर्माण में प्रयासरत है।बुधवार को जिला पंचायत सभागार में अभाविप इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई द्वारा छात्रनेता सम्मेलन कराया गया। जिसमें विशेष रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल व इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से जुड़े दर्जनों पूर्व छात्रनेता उपस्थित रहे।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल जी ने विद्यार्थियों व सभागार में उपस्थित सभी लोगों का ध्यान राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की ओर खींचा। उन्होंने बताया कि अभाविप एक अग्रणी छात्र संगठन है और अभाविप ने अपने लगभग 75 वर्ष की इस ध्येय यात्रा में सभी के व्यक्तित्व का विकास हो सके इसका चिंतन किया है। उन्होंने कई उदाहरणों के माध्यम से अभाविप और परिषद् परिवार से निकले छात्र-नेताओं का भारतीय समाज के विकास में किस तरह से योगदान दिया इससे परिचित कराया। राष्ट्रीय महामंत्री ने 2023 तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ बहाली की उठाई मांग,सभी छात्र-नेताओं को एक साथ मिल इस लड़ाई को लड़ने का किया आह्वान। जहां इतने वर्षों पश्चात कई वरिष्ठ छात्र-नेता एक मंच पर आए थे वहीं नए कार्यकर्ताओं को भी उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करने का मौका प्राप्त हुआ था। पूर्व छात्र नेता हरेश प्रताप सिंह के अनुसार इस तरह के सम्मेलन से युवा कार्यकर्ताओं को अपने अग्रजों से अनुभव प्राप्त होता है वहीं पुराने कार्यकर्ता भी इस व्यस्त जीवन में अपने पुराने दिनों को याद कर थोड़ा राहत की सांस लेते हैं। इस सम्मेलन में डा.विवेक निगम,डा. विकास कुमार,रामानुज शुक्ल,रोहित मिश्र,सौमित्र द्विवेदी,राजेश पाण्डेय,आशुतोष श्रीवास्तव,वरुण प्रताप सिंह आदि छात्रनेता उपस्थित रहे। अभाविप इलाहाबाद इकाई के इकाई अध्यक्ष शिवम सिंह व इकाई मंत्री आलोक त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस सम्मेलन से और पुरनियों के अनुभव से हम कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस तरह के सम्मेलन परिषद् के कार्यकर्ता आगामी दिनों में भी करवाते रहेंगे जिससे कि हम सभी एक साथ राष्ट्र के निरंतर विकास में अपना योगदान सुनिश्चित कर सकें।




# जैविक उत्पादों की पैकेजिंग में प्लास्टिक बैग प्रतिबंधित

## एक उत्पाद, एक दाम के क्रय पर तुरन्त होगा भुगतान

संवाददाता, प्रयागराज। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जैविक बाजार के प्रोत्साहन मे कृषक उत्पादक संगठनों के सहयोग विषय पर जन मिलन सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में उप कृषि निदेशक,जिला कृषि अधिकारी एव जिला उद्यान अधिकारी मौजूद रहे।उप कृषि निदेशक द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया गया कि नमामिगंगे क्लस्टरों मे उत्पादित होने वाले सब्जियों,अनाजों एवं दालों का जैविक बाजार के माध्यम से विपणन किया जायेगा जिसमे स्थल का चयन मुन्डेरा मंडी परिसर स्थित किसान विश्राम स्थल को चयनित किया गया। जिसका आवंटन चार संस्थानों से किया जाना है।जैविक बाजार का उद्घाटन जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे होना तय हुआ है।इस बैठक में श्रीराम साल्वेन्ट एक्सट्रैक्शन प्रा.लि.काशीपुर रोड ऊधमसिंह नगर उत्तराखंड,एफपी.ओ.एफ आर्गेनिक सार्टिफि केशन एजेंसी पूणे,हरवारा सुपर फूड कृषि उत्पादक संगठन,श्री वेदान्त कृषक उत्पादन संगठन, ओग्रोनिक प्रा.लिमिटेड एवं क्लोवर लिमिटेड द्वारा अपने उत्पादन, एकत्रीकरण एवं विपणन से समबन्धित प्रस्तुतीकरण करते हुए जानकारी दी। जैविक बैठक में जिलाधिकारी द्वारा इन संस्थाओं को 03 या 04 स्टाल लगा कर विक्रय करने हेतु निर्देश दिया गया जिसमे सभी संस्थाओं के प्रत्येक उत्पाद के विक्रय मूल्य एक समान होंगे तथा कृषक से उत्पाद क्रय के बाद उत्पाद के मूल्य का भुगतान तुरन्त किया जायेगा।जैविक सब्जियों एवं अन्य जैविक उत्पादों के पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक बैग का प्रयोग नहीं होगा।कृषि निदेशक द्वारा जैविक उत्पादों के विपणन हेतु तीन माह तक कपड़े से बनें बैंग उपलब्ध कराने को कहा।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो विदेशी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता

कानपुर। विदेश से गिफ्ट के नाम पर लाखों का फ्राड करने वाले दो अभियुक्तों को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में से एक नाइजीरियन इंजीनियर भी शामिल है। गैंग में एक महिला भी शामिल है जो कस्टम आफिसर बनकर लोगों को दबाव में लेने का काम करती थी। पूरे गैंग ने युवक से 12,47,272/- रुपये की ठगी की है। पकड़े गए अभियुक्तों से क्राइम ब्रांच की टीम पूछताछ करके गंग के तार खंगालने में जुटी है।




घटनाक्रम के मुताबिक दिनांक 30.05.2022 को थाना रावतपुर निवासी प्रदीप कटियार पुत्र संतोष नरायन कटियार ने क्राइम ब्रांच की साइबर सेल में आकर शिकायत दर्ज किया कि उनके साथ विदेशी गिफ्ट का कस्टम टैक्स देने के नाम पर आनलाइन 12,47,272 /- रूपये (बारह लाख संतालिस हजार दो सौ बहत्तर रूपये) आनलाइन मामले की जाँच कि गयी तो आवेदक प्रदीप कटियार द्वारा अलग-अलग दिनों में अभियुक्त के भिन्न-भिन्न 106 बैंक खातो कुल 12,47,272 /- रूपये भेजे गये थे। जाँच क्रम में साइबर सेल द्वारा सभी बैंक खातो को फ्रीज कराया गया तथा अन्य विवरण प्राप्त कर कुल 02 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया।

# नगर आयुक्त ने बेसिक शिक्षा विद्यालय के कायाकल्प हेतु करी बैठक

संवाददाता

कानपुर। कानपुर नगर निगम के नगर आयुक्त शिवशरनप्पा जी0एन0 द्वारा मा0 मुख्य मंत्री द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कानपुर परिक्षेत्र में स्थित परिषद विद्यालयो हेतु कानपुर नगर निगम द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ योजना कायाकल्प की बैठक आहूत की गयी । जिसमे मुख्य अभियन्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त अधिशाषी अभियन्ता, व खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित हुए । बैठक में कानपुर नगर



निगम सीमा में स्थित 134 विद्यालयों में शासन द्वारा निर्धारित मूलभूत सुविधाओ यथा , बालक, बालिका, शौचालय, मूत्रालय, पेयजल व्यवस्था के साथ साथ दिव्याग छात्रों हेतु रैम्प व शौचालय आदि के निर्माण हेतु जिला विधालय द्वारा प्रस्ताव दिये गये, जिस पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए 10 कार्य दिवस में आवश्यक कार्यवाही करते हुए आगणन प्रस्तुत किये जाने के निर्देश मुख्य अभियंता को दिये गये।

# सार्वजनिक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया

संवाददाता

कानपुर। नशा मुक्त खिचड़ी भोज का कार्यक्रम किदवई नगर के ब्लॉक छोटे वाले हनुमान मंदिर यूपी किराना के बगल में सुबह 11.00 बजे से आयोजन किया गया! जिसमें मुख्य अतिथि कौशल किशोर (केंद्रीय मंत्री भारत सरकार) रहे तथा मुख्य रूप से ज्योति शुक्ला , द्वारा लोगों को खिचड़ी वितरित की गई लगभग इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोगों ने खिचड़ी भोज का आनंद लिया दौरान राज अजय ए.के अग्निहोत्री, शशि , प्रभा सिंह , दिपिका , लश्रमी ,पृवीन, आस्था , पृतीभा ,सीमा,आदि लोग मौजूद रहे ।



# बिना नक्से व अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की गई कार्यवाही

संवाददाता, उन्नाव। प्रभारी सचिव उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण, उन्नाव ने जानकारी दी है कि उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अनाधिकृत रूप से किये गये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद उन्नाव के अन्तर्गत तीन स्थानों पर अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। प्रभारी सचिव ने बताया है कि ध्वस्तीकरण की कार्यवाही नगर पालिका परिषद उन्नाव के जोन-5, के अन्तर्गत की गयी है। अवैध निर्माणकर्ताओं मो0 हैदर रजा व अन्य द्वारा नगर पालिका परिषद उन्नाव के अन्तर्गत निराला नगर फेस-1 के सन्निकट, नहर के किनारे 1



बीघा, अमानुल्लाह रहीम एवं उत्कर्ष त्रिपाठी द्वारा नगर पालिका परिषद उन्नाव के अन्तर्गत निराला नगर फेस-1 के सन्निकट, नहर के किनारे 2 बीघा 6 बिस्वा तथा मैनेजिंग डायरेक्टर, पाण्डेय कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड कृष्ण कुमार पाण्डेय, मटरी अंगनू व अन्य के द्वारा नगर पालिका परिषद उन्नाव के अन्तर्गत निराला नगर फेस-2 के सन्निकट 2 बीघा भूमि पर अवैध निर्माण किया गया था।

## डा.भास्कर शुक्ल को अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालयी महिला फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त

संवाददाता, प्रयागराज। एल.एन.आई.पी. ई.ग्वालियर म.प्र.में आयोजित की जाने वाली अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालयी महिला फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु डा. भास्कर शुक्ल को राष्ट्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।इस संदर्भ में एसोसिएशन ऑफइंडियन यूनिवर्सिटीज के संयुक्त सचिव द्वारा एक पत्र डा.शुक्ल को प्राप्त हुआ। डा. शुक्ल हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी में एसोसिएट प्रो.शारीरिक शिक्षा के पद पर कार्यरत व प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भय्या विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक हैं। भास्कर ? शुक्ल राष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ी एवं अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त टीम के खिलाड़ी रहे हैं।पूर्व में भी डा. भास्कर शुक्ल संभागीय अंतर्विश्वविद्यालयी महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक का दायित्व संपादन कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश सहित प्रो.अवधेश कुमार झा प्रो. मंजूलता,प्रो.नीतू सिंह,डा. धीरेन्द्र कुमार,डॉ.विजय प्रकाश यादव,डा.पूनम, डा.इंदु प्रकाश,डा.अजय, डा.अमित ने हर्ष व्यक्त किया है।

## गंगाघाट पुलिस को मिली दो नई मोटर साईकिलों की सौगात

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव। बीते मंगलवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस को गस्त के लिए शासन की ओर से दो अपाचे मोटर साइकिल मिली है। जिससे और पुलिस कर्मी फोरीतौर पर घटना स्थल पर पहुंच सकेंगे, संसाधन की कमी को पुरा करने के लिए मंगलवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दो अपाचे मोटर साईकिल मिली है जिससे पुलिस को और कार्यशैली को एक नई रफ्तार दी है। नई मोटर साईकिल पाकर पुलिस कर्मियों के भी चहेरे खिल उठे। ठंड के मौसम में चोरी जैसे घटनाएं बढ़ जाती लेकिन अब पुलिस को नई मोटर साईकिल मिली है तो रात में गस्त भी बढ़ेगी जिससे होने वाली चोरी आदि घटनों जैसे मामलों पर भी अंकुस लग संकेगा। शासन ने पुलिस को संसाधन दे कर पुलिस कर्मियों को नई गति देने की कोशिस की है।

# गढ़मुक्तेश्वर थानाध्यक्ष द्वारा गुर्जर समाज के लिए बेतुका बयान से लोगों में रोष

संवाददाता

हापुड़। हापुड़ में भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश हूण के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जनपद हापुड के पुलिस अधिक्षक दीपक भूकर से गढ़मुक्तेश्वर थानाध्यक्ष द्वारा गुर्जर समाज के लिए अपमानित शब्द कहे जाने के सन्दर्भ में मिला और स्पष्ट रूप से प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधिक्षक दीपक भूकर से कहा कि गढ़मुक्तेश्वर थानाध्यक्ष के खिलाफ उचित कानूनी और कठोर कार्यवाही की जाए और गढ़मुक्तेश्वर थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से पद मुक्त किया जाए जिस पर पुलिस अधिक्षक दीपक भूकर ने जांच करने के लिए 3 दिन का समय मांगा हैं और कार्यवाही का आश्वाशन दिया है। प्रतिनिधि मंडल ने इस पर सहमत होते हुए 3 दिन का समय जनपद प्रशासन को दिया है और स्पष्ट कहा है यदि तीन दिन में

❑ 3 दिन में कार्यवाही ना होने पर देश का गुर्जर समाज आन्दोलन के लिए मजबूर : हरीश हूण



उचित कार्यवाही नहीं होती है तो देश का गुर्जर समाज आन्दोलन के लिए मजबूर होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। प्रतिनिधि मंडल में शामिल।आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव अजय गुर्जर , भाकियू के जिलाध्यक्ष देबेन्द्र बाना, अ. भा. गुड महासभा के जिलाध्यक्ष नीरज गुर्जर , सुमित मावी, सतीश नागर, महीपाल सिंह आर्य, मोहित नागद, अंकुर चौधरी भोपाल सिंह शामिल आदि लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की 57 वीं पुण्यतिथि

संवाददाता

हापुड़। हापुड़ में कांग्रेस जन रेलवे रोड स्थित शास्त्री की प्रतिमा पर एकत्रित हुए। जहां शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की 57 वीं पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान कांग्रेस जनों ने शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि शास्त्री जी 1951 में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में अखिल भारत कांग्रेस कमेटी के महासचिव नियुक्त किये गये और 1952, 1957 व 1962 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जिताने के लिये उन्होंने बहुत परिश्रम किया था। 'सेवादल जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा ने कहा कि



शास्त्री जी ने ही जय जवान, जय किसानष् का नारा दिया था। हम सभी को शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए जीवन में आगे बढना चाहिए और देश के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शास्त्री ने अपना सम्पूर्ण जीवन बेहद ही सादगी के साथ व्यतीत किया। उनकी विचारधारा और मार्गदर्शन ने देश को एक नया रास्ता दिखाया। इस दौरान पीसीसी सदस्य अरविंद शर्मा, डॉक्टर वीसी शर्मा, वाई के शर्मा, यशपाल ढिलौर, विक्की शर्मा, सुबोध शास्त्री, निसार खान, धर्मेंद्र कश्यप, सुरेंद्र सिंह, मदन शर्मा, देवेंद्र कुमार, सुखपाल गौतम, असलम सैफी, भरतलाल शर्मा, मोहम्मद आसिफ आदि लोग उपस्थित रहे. !

# लोगों को दक्ष बनाकर ही किया जा सकता है आपदाओं का सामना : प्रेरणा सिंह



संवाददाता

हापुड़। हापुड़ में अपदाएं हमे कब प्रभावित करेंगी और कितना प्रभावित करेंगी इसके इसके बारे में हमे पहले से पता नही होता है ऐसे में आपदाओं के प्रति लोगों को जागरूक व दक्ष बनाकर ही इसका सामना किया जा सकता है, लोगों पर इसके प्रभाव को कम किया जा सकता है। यह विचार मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा सिंह ने बुधवार को विकास भवन के सभागार में आपदा प्रबंधन पर आयोजित कार्यशाला में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण भी आपदाओं में इजाफा हो सकता है। इसका भी आपदा प्रबंधन में ध्यान रखने की जरूरत है। विकास परियोजना में भी जोखिम का आंकलन करें ताकि विकास सही दिशा में जा सकें। उन्होंने उम्मीद जताई की वर्कशॉप और मॉकड्रिल से प्रकृतिक व मानवीय आपदाओं के प्रति लोगों की समझ बढ़ेगी तथा सामना होने पर लोग बेहतर बचाव कर पाएंगे। उन्होंने मॉक ड्रिल में खुद विशेष रुचि दिखाई और अधिकारियों व कर्मचारियों को बेहतर सीखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए ताकि लोगों में सभी आपदाओं के प्रति जागरूकता बढ़ती रहे। इस वर्कशॉप का आयोजन जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण (डीडीएमए) और गैर सरकारी संगठन ''सोसायटी फॉर ब्राइट फ्यूचर'' के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें अधिकारियों व कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से उनकी क्षमता बढ़ाने की कोशिश की गई। आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र बघेल ने प्राकृतिक और मानवीय आपदाओं की पृष्ठभूमि, जनजीवन पर उनके प्रभाव, आपदा प्रबंधन में विभिन्न एजेंसियों और संस्थाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के खतरों के जोखिम को कम करने के लिये समुदाय स्तर पर भी योजना बनाने की जरूरत है। उन्होने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाओं और हापुड़ के नवयुवकों को आपदा प्रबन्धन से जोड़कर सुरक्षा की संस्कृति और सभी लोगो तक पहुंचाया जायेगा। लोग जितना जागरूक होगे उतना ही आपदाओं का प्रभाव उन पर कम होगा। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला सलाहकार गोपाल राय ने प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण का मकसद सभी प्रकार के खतरों के प्रति लोगों में सुरक्षा की संस्कृति विकसित करने,आसपास में मौजूद खतरों की पहचान करने और व्यक्ति के स्तर पर, परिवार के स्तर पर, समुदाय के स्तर पर जोखिम न्यूनिकरण के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर चीफ फायर अफसर मनु शर्मा ने आग के जोखिम को कम करने पर प्रकाश डाला।

# पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी की अमरता सदा बनी रहेगी : केशव प्रसाद मोर्य

## सहजता और सरलता की प्रतिमूर्ति थे पंडित केसरीनाथ त्रिपाठी : रीता बहुगुणा जोशी

संवाददाता

प्रयागराज। पूर्व राज्यपाल पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन के उपरांत भाजपा महानगर प्रयागराज के द्वारा मोतीलाल मेडिकल कॉलेज मेहता प्रेक्षागृह के सभागार में शोक सभा का आयोजन कर पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्वर्गीय पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे और दल की सीमा से परे थे और उनके लिए उनके देश और प्रदेश भर के समर्थक उनके परिवार के जैसे थे उन्होंने आगे कहा कि पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी सामाजिक और भाजपा




कार्यकर्ताओं के लिए एक आदर्श रहे और वे राज्यपाल, विधान सभा अध्यक्ष भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रह करके प्रयागराज के गौरव को उन्होंने गौरवान्वित किया और आगे कहा कि हमारी राजनैतिक पारी की शुरुआत पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी के प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल में हुई और पहला चुनाव उनके आशीर्वाद से लड़ा और समय-समय पर सरकार चलाने का मार्गदर्शन उनसे हमें प्राप्त होता रहा है उन्होंने कहा कि पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी की अमरता सदा बनी रहेगी।इस अवसर पर सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी सहजता एवं एवं सरलता के प्रतिमूर्ति थे और भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि पंडित केसरीनाथ त्रिपाठी एक सच्चे राजनेता और कवि हृदय थे और कार्यकर्ताओं के प्रिय थे।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह,प्रदेश भाजपा मंत्री अनामिका चौधरी राकेश धर त्रिपाठी,विधायक प्रवीण पटेल,राजमणि कोल, महापौर अभिलाषा गुप्ता,पार्षद किरन जायसवाल पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, डॉक्टर सुशील सिन्हा, कुमार नारायण, राम जी केसरवानी, मुरारी लाल अग्रवाल,रणजीत सिंह, शशि वार्ष्णेय,पदुम जायसवाल ने अपने विचार प्रकट करते हुए पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।शोक सभा की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने एवं संचालन महामंत्री कुंज बिहारी मिश्रा ने किया।

# डीएम एवं मेलाधिकारी ने मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण



संवाददाता, प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं मेलाधिकारी अरविंद चौहान ने बुधवार को मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राहत शिविरों का निरीक्षण कर वहां पर कम्बल, बेड सीट सहित साफ-सफाई को देखा। तत्पश्चात स्वास्थ्य शिविर में दवाओं की उपलब्धता तथा देखे जाने वाले मरीजों की सूची को भी देखा तथा निर्देश दिया कि किसी भी श्रद्धालुओं को कोई समस्या न आये। जिलाधिकारी ने कोविड के दृष्टिगत माघ मेला क्षेत्र में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने माघ मेला में साफ-सफाई, पानी, बिजली, चकर्ड प्लेट सहित अन्य कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 57वी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि

लखनऊ (संवाददाता)। भारत माता के सच्चे सपूत व जय जवान, जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री की 57वी पुण्यतिथि के अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट के इंदिरा नगर स्थित कार्यालय में श्रद्धापूर्ण पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के अंतर्गत हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्ष वर्धन अग्रवाल, न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल व ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। इस अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्ष वर्धन अग्रवाल ने कहा कि श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री सिर्फहमारे देश के प्रधानमंत्री ही नहीं थे बल्कि वह एक सहृदय व सच्चे दिल इंसान थे, वे कहा करते थे कि देश की तरक्की के लिए हमें आपस में लड़ने के बजाय गरीबी, बीमारी और अज्ञानता से लड़ना होगाष्ध उनके अनुसार ष्देश के प्रति निष्ठा, सभी निष्ठाओं से पहले आती है और यह पूर्ण निष्ठा होनी चाहिए, आज शास्त्री जी के सिद्धांतों को अपनाते हुए हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट निरंतर ही समाज में फैली गरीबी, अज्ञानता एवं बीमारी को दूर करने हेतु प्रयासरत है जिसके लिए समय-समय पर अनेकों समाज हित कार्यक्रमों का आयोजन जनहित में निरंतर कर रहा है तथा आगे भी करता रहेगा।

### लोकायुक्त द्वारा जेल उत्पीडन शिकायत पर जाँच के आदेश

लखनऊ (संवाददाता)। लोकायुक्त संगठन, उत्तर प्रदेश ने अमिताभ ठाकुर द्वारा लखनऊ जेल में उनके साथ किये गए उत्पीड़न तथा भ्रष्टाचार के संबंध में भेजी गयी शिकायत की जाँच कराये जाने के आदेश दिए हैं। लोकायुक्त कार्यालय द्वारा प्रमुख सचिव, कारागार को भेजे गए पत्र में कहा गया हुई कि अमिताभ द्वारा प्रस्तुत परिवाद में लगाये गए आरोपों की जाँच हेतु दो-सदस्यीय या तीन-सदस्यीय जाँच समिति के माध्यम से जाँच परिवादी की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए की जाये तथा जाँच आख्या 01 फरवरी 2023 तक उप लोकायुक्त के अवलोकनार्थ भेजी जाये। अमिताभ ने अपनी शिकायत में कहा था कि उन्हें मात्र राजनैतिक कारणों से लखनऊ जेल में कई प्रकार से प्रताड़ित किया गया, जिसके संबंध में उनकी पत्नी डॉ नूतन ठाकुर और उन्होंने कई शिकायतें भेजीं, लेकिन इनका कोई संज्ञान नहीं लिया गया. उन्होंने कहा कि उनके पास इन आरोपों से जुड़े सबूत भी हैं लेकिन किसी स्तर पर इनकी जाँच नहीं की जा रही है। अमिताभ सात माह लखनऊ जेल में थे।

### मौलाना सुफियान निजामी ने आरएसएस चीफमोहन भागवत के बयान का किया समर्थन

लखनऊ (संवाददाता)। दारुल उलूम फरंगी महल के प्रवक्ता और मुस्लिम धर्मगुरु सुफ्यिान निजामी ने आरएसएस चीफमोहन भागवत के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि देश में मुसलमानों ने कभी वर्चस्व की लड़ाई नहीं लड़ी है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में लाखों मुसलमानों ने कुर्बानियां दी हैं। हम लोग संविधान का पालन करते हैं। हमे अपने वतन पर पूरा भरोषा है। उन्होंने कहा कि मुसलमान मुल्क की तरक्की में पूरा योग दान दे रहा है। निजामी ने कहा कि मोहन भागवत के इस बयान का हम इस्तकबाल करते हैं। देश में मुसलमानों को ना कोई डर है ना कोई खौफहै। उन्होंने कहा कि मुसलमान कोई वर्चस्व की लड़ाई नहीं लड़ता है बल्कि देश की तरक्की में योगदान दे रहा है।बता दें कि विश्व हिन्दी दिवस के मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि मुसलमानों को हम बड़े हैं का भाव छोड़ देना चाहिए। भागवत ने कहा है कि हिन्दू हमारी पहचान, राष्ट्रीयता और सबको अपना मानने एवं साथ लेकर चलने की प्रवृति है और इस्लाम को देश में कोई खतरा नहीं है। उन्होंने ऑर्गेनाइजर और 'पांचजन्य को दिये साक्षात्कार में एलजीबीटी समुदाय का भी समर्थन किया और कहा कि उनकी निजता का सम्मान किया जाना चाहिए और संघ इस विचार को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा, ''इस तरह के झुकाव वाले लोग हमेशा से थे, जब से मानव का अस्तित्व है...यह जैविक है, जीवन का एक तरीका है।

### कड़कड़ाती ठंड के बीच बारिश के आसार

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में प्रचंड शीतलहर का प्रकोप है और पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के ज्यादातर मंडलों में तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। वहीं मौसम विभाग ने 11 से 13 जनवरी के बीच उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी, पंजाब, हरियाणा के किसानों को अलर्ट किया है। बारिश होने पर मटर, आलू की फसल को नुकसान होने की संभावना जताई है। वहीं राजधानी लखनऊ में भीषण ठंड के चलते बसों के संचालन पर प्रभाव पड़ा है। परिवहन विभाग के अधिकारी ने बताया कि शीतलहर के चलते यात्रियों ने यात्रा से दूरी बनाई है। आम दिनों के मुकाबले यात्रियों की संख्या में काफी कमी आई है। जिस वजह से ज्यादातर बसे खड़ी ही रहती है। उन्होंने कहा कि यूपी परिवहन निगम की आय पर इसका असर पड़ रहा है। वहीं कंडक्टर और ड्राइवरों का कहना है कि यात्री मिल नहीं रहे हैं। मौसम केंद्र लखनऊ के द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान देश के अनेक हिस्सों में भयंकर शीतलहर चली। इसके अलावा अनेक स्थानों पर घना कोहरा भी छाया रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के गोरखपुर, अयोध्या, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद और मेरठ मंडलों में दिन का तापमान सामान्य से काफी कम रहा।

### आगामी 16 व 17 जनवरी को दिव्यांगजनों के आधार कार्ड बनाने हेतु लगेगा कैंप

लखनऊ (संवाददाता)। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ संचालित योजनाओं हेतु आधार कार्ड एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। दिव्यांगजनों द्वारा आधार न बनाये जाने की निरन्तर शिकायत की जाती रही है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं के लाभ से सभी पात्र दिव्यांग व्यक्ति लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए जनपद लखनऊ में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार रतन स्क्वायर आधार सेवा केन्द्र विधान सभा मार्ग लखनऊ में 16 एवं 17 जनवरी को आधार कार्ड बनाये जाने हेतु एक बृहद शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में सभी आयुवर्ग के दिव्यांगजनों के आधार कार्ड बनाये जायेंगे। साथ ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, निर्वाचन कार्ड व वोटर आईडी, पैन कार्ड, बैंक पासबुक फोटो प्रमाणित सम्बंधित बैंक शाखा प्रबंधक द्वारा, जाति प्रमाण पत्र के साथ प्रमाणित फोटोग्राफलाने होंगे।

### हजारों हजारों को कंबल वितरित करने का कार्य कर रही ममता चौरिटेबल ट्रस्ट

लखनऊ (संवाददाता)। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस बर्ष भी शीत लहर प्रारम्भ होते ही नर सेवा नारायण सेवा के युक्ति को चरितार्थ करती प्रदेश की अग्रणी संस्था ममता चौरिटेबल ट्रस्ट गरीबों, वंचितों, शोषितों, बुजुर्गों, मजदूरों, लाचार एवं दिव्यांग व्यक्तियों को रात दिन घूम घूम कर कंबल ओढांने, शिविर लगा-लगा कर हजारों हजारों को कंबल वितरित करने का कार्य महा अभियान चलाकर कर रहीं है! इसी क्रम में आज आलमबाग, आशियाना, पावर हाऊस चौराहा, शनि देव मंदिर चौराहा, बाराविरवा चौराहा, अवध चौराहा पर रात के घने कोहरे के बीच खोज खोज कर जरूरतमंद को कंबल ओढ़ाकर उनके लिए आग सेंकने की व्यवस्था किया! इस अवसर पर चीफ ट्रस्टी राजीव मिश्रा ने कहा कि इस कड़कड़ाती ठण्ड में हमारे कार्यकर्तावो का जज्बा, डॉ. दुर्गेशधर दुबे, विजय सिंह बंटी, निशित श्रीवास्तव, सुमित सहित अनेक सहयोगियों ने ठिठुरती सर्द रात मे कंबल ओढ़ाकर आमजनों को जागरूक भी किया!

# कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा प्रति सप्ताह 10 टन सब्जियों का अरब देशों को किया जाएगा निर्यात

(संवाददाता)

लखनऊ। आज सीजन में पहली बार लखनऊ से दुबई के लिए सब्जियों का पहला कन्साइन्मेंट एयर इण्डिया की फ्लाइट से भेजा गया है। इसमें 3 टन भिंडी, 1 टन गाजर, 800 किलो मटर शामिल हैं। जल्द ही गाजर, मटर, मिर्च का भी निर्यात अरब देशों सहित यूरोप के लिए भी किया जायेगा। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि लखनऊ से हर हफ्ते चार कन्साइन्मेंट भेजे जाएंगे। यह बात आज प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में मीडिया प्रतिनिधियों के सम्मुख कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों के गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को देश के अन्य



राज्यों तथा विदेशों में बेचकर अच्छा मूल्य दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से योगी आदित्यनाथ की सरकार ने चार पैक हाउस (लखनऊ, सीतापुर, अमरोहा, वाराणसी) तैयार किये जा रहे हैं। गत वर्ष 2021-23 में 1 लाख 59 हजार 344 मी0टन (लगभग 161 करोड़ रूपये का) निर्यात किया गया था। इस वर्ष अभी तक 99 हजार 528 मी0टन का निर्यात किया जा चुका है। जिसका मूल्य लगभग 112 करोड़ रूपये है। आज की खेप इसके अतिरिक्त है।

उन्होंने कहा कि कृषकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग तथा मण्डी परिषद द्वारा व्यापक योजना बनायी गयी है। हमारे किसान फल, सब्जियों का गुणवत्तापूर्ण उत्पादन कर रहे हैं। जो अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार है। इसलिए शीघ्र ही प्रदेश से निर्यात की मात्रा बढ़ेगी। आगामी दिनों में वाराणसी से भी यूरोप के लिए सब्जियों का निर्यात किये जाने की तैयारी है। इसके लिए वाराणसी में गुणवत्ता प्रयोगशाला शीघ्र शुरू हो जायेगी। श्री शाही ने बताया कि तापमान में गिरावट एवं आपेक्षिक आर्द्रता में वृद्धि के कारण आलू की फसल में अगेती तथा पछेती झुलसा एवं राई-सरसों में माहू के प्रकोप की सम्भावना बढ़ गयी है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि फसलों की नियमित निगरानी के साथ कृषकों को रोगोंध्कीटों एवं उनके नियंत्रण के सम्बन्ध में जागरुक करने के साथ-साथ जनपद एवं मण्डल में कृषि रक्षा रसायनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें। उन्होंने किसानों से अपील की कि बदलीयुक्त मौसम, 10-20 सेन्टीग्रेड तापमान एवं 80 प्रतिशत से अधिक अपेक्षिक आर्द्रता की दशा में आलू के अगेती व पछेती झुलसा रोग की सम्भावना बढ़ जाती है। इसके नियंत्रण हेतु मैन्कोजेब 75 प्रतिशत डब्लू0पी0 2 किग्रा0 अथवा कॉपर आक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्लू0पी0 की 2.5 किग्रा की मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से लगभग 500-750 लीटर पानी में घोलकर सुरक्षात्मक छिडकाव करें। इसके साथ ही राई-सरसों की खेती करने वाले किसानों से अपील की है कि का माहू कीट से फसलों को बचाने के लिए एजाडिरेक्टिन 0.15 प्रतिशत ई0सी0 की 2.5 लीटर मात्रा को 400-500 लीटर पानी में घोलकर बनाकर छिड़काव करें। इसके नियंत्रण हेतु कीट की सघनता के अनुसार 10-15 ऐलो स्टिकी ट्रैप प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग किया जा सकता है। रासायनिक नियंत्रण हेतु डाईमेथोएट 30 प्रतिशत ई0सी0 ऑक्सीडेमेटान-मिथाइल 25 प्रतिशत ई0सी0 अथवा क्लोरपाइरीफास 20 प्रतिशत ई0सी0 की 1.0 लीटर मात्रा को 600-750 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। इसके अतिरिक्त कम तापमान के कारण फसलों में पाले की सम्भावना रहती है। जिसके बचाव हेतु खेत में नमी बनाये रखने हेतु हल्की सिंचाई करें। इस अवसर पर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण फल, सब्जियों के निर्यात में रुचि रखने वाले कृषकों को विभाग की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। निर्यात से किसानों की आय में वृद्धि होगी।

# राजधानी में भव्य रोड शो का आयोजन

## 79 एमओयू साइन 76 हजार करोड़ से अधिक के निवेश पर लगी मोहर

❑ हल्दीराम समूह के संजय सिंघानिया ने 1300 करोड़, वरूण बेवरेजेज के कमलेष जैन ने 3400 करोड़, निदान डायग्नोस्टिक सेंटर ने 750 करोड़ के एमओयू पर साइन किया।




(संवाददाता)

लखनऊ। फरवरी 2023 में राजधानी लखनऊ में आयोजित होने जा रहे यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के पहले बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की पहल पर सुशांत गोल्फसिटी में स्थित दी सेंट्रम में भव्य रोड शो आयोजित किया गया। जिसमें औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी के आमंत्रण पर देश के विभिन्न राज्यों से आए निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में 76,867 करोड़ के निवेश का न सिर्फप्रस्ताव रखा बल्कि एमओयू भी साइन किया। रोड शो में 79 एमओयू साइन हुए। निवेशकों ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भरोसा जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने की। औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसंवत सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। रोड शो को कनाडा के मिनिस्टर ऑफमेंटल हेल्थ एंड एडिक्शन मिशेल टिबोलो ने विशेष रूप से सम्बोधित किया। उन्होंने तीव्र गति से आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश के बेहतर कानून व्यवस्था की प्रशसा की। रोड शो में दिल्ली, बेंगलुरू, नोएडा, मेरठ, गाजियाबाद, उड़ीसा, कानुपर, शामली, लखनऊ, छतरपुर, मुम्बई से आए निवेशकों ने ऑनलाइन और ऑफ्लाइन एमओयू पर हस्ताक्षर किया। सिटी गोल्ड कारपोरेशन ने उत्तर प्रदेश में सीमेंट और एथेनॉल प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए 26 हजार करोड़ के एमओयू साइन किए। नेक्सजेन एनर्जिया ने उत्तर प्रदेश में ग्रीन एनर्जी का सेटअप स्थापित करने के लिए 15,000 करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किया। हल्दीराम समूह के संजय सिंघानिया ने 1300 करोड़, वरूण बेवरेजेज के कमलेष जैन ने 3400 करोड़, डीएस ग्रुप के एमडी एमएल जायसवाल ने 3000 करोड़, निदान डायग्नोस्टिक सेंटर ने 750 करोड़ के एमओयू पर साइन किया। इसके अलावा 50 से 500 करोड़ के चार दर्जन से अधिक ऑनलाइन और ऑफ्लाइन एमओयू साइन हुए। उद्यमियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के इंडस्ट्री पॉलिसी और एनवायरमेंट की सराहना की। उद्यमियों ने कहा 2017 के पहले तक जहां उत्तर प्रदेश में निवेश करने से डर लगता था, वहीं आज फर्स्ट इन्वेस्टमेंट डेस्टीनेशन बन चुका है। क्योंकि 25 करोड़ आबादी वाले देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश में विकास की असीम सम्भावनाएं हैं। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के नेतृत्व में आयोजित रोड शो में आए निवेश प्रस्ताव और एमओयू के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में इंफ्रास्ट्रक्चर, इलेक्ट्रानिक्स, मेटल इंडस्ट्रीज, फूड एंड बेवरेजेज, पेपर, ग्रीन एनर्जी, इस्पात आदि विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग स्थापित होंगे। जिसके जरिये हजारों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेंगे। रोड शो को मैनेजिंग पार्टनर दी सेंट्रम सर्वेश गोयल, अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास अरविंद कुमार, सचिव औद्योगिक विकास अभिषेक प्रकाश, केंट आरओ के चेयरमैन महेश गुप्ता, क्रिस्टल ग्रुप के चेयरमैन नन्द किशोर अग्रवाल, हल्दीराम के संजय सिंघानिया, वरूण बेवरेजेज के चेयरमैन कमलेश कुमार जैन ने सम्बोधित किया।

## प्रदेश में तीन चरणों में चलाया जायेगा कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान'

(संवाददाता)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी, तथा प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री मीडिया चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के पदाधिकारियों तथा प्रवक्ताओं,मण्डल प्रवक्ताओं, पैनलिस्टों की एक महत्वपूर्ण बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रियंका गांधी के नेतृत्व में होने वाले ''हाथ से हाथ जोड़ो अभियान'' की तैयारियों तथा प्रचार प्रसार को लेकर हुई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज तिवारी ने बताया कि 26 जनवरी 2023 से शुरू होने वाले ''हाथ से हाथ जोड़ो अभियान'' तीन चरणों में चलाया जायेगा।

यह अभियान प्रथम चरण में गांवों तथा ब्लाक स्तर पर द्वितीय चरण में जिला स्तर तथा तृतीय चरण में राज्य स्तर पर आयोजित होगा। यह जन संवाद कार्यक्रम भारत जोड़ो यात्रा की शानदार सफलता का विस्तार होगा। पदयात्रा के माध्यम गांव-गांव जाकर डोर टू डोर सम्पर्क किया जायेगा जिसमें लोगों से भेंट करके राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा के मूल संदेश के साथ श्री राहुल गांधी जी का पत्र भी सौपा जायेगा। प्रवक्ता ने आगे बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी राज्य स्तर के वरिष्ठ नेताओं सांसद, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद आदि को हर जिले के पर्यवेक्षक के रूप नियुक्त किया जायेगा। इसी क्रम जिला कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष को हर ब्लाक के पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त करेगी। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद श्री बृजलाल खाबरी जी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी की छवि को धूमिल करने के लिए करोड़ो रूपये खर्च किया गया परन्तु उनकी भारत जोड़ो यात्रा ने उनके मनसूबे पर पानी फेर दिया।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से देश की जनता ने राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा को समर्थन दिया है वह इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से परेशान है और बदलाव चाहती है। आने वाले लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी।

# वकीलों से मारपीट में दो पुलिसकर्मियों पर एफआईआर

## सड़क हादसे में हुई थी झड़प

(संवाददाता)

लखनऊ। लखनऊ के मोहनलालगंज कोतवाली में दरोगा राजकुमार और विजय कुमार सरोज के खिलाफमोहनलालगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोप के मुताबिक, दोनों ही पुलिसकर्मियों ने सड़क हादसे के बाद अधिवक्ताओं की पिटाई कर दी थी। अधिवक्ताओं ने सीजेएम कोर्ट में इंस्पेक्टर समेत पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए अर्जी भी दी थी। हालांकि इससे पहले पुलिस ने दोनों अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। दरअसल, मामला लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बे का बीती 30 दिसंबर का है। यहां पर एक सड़क हादसा हुआ। अधिवक्ता अश्वनी सिंह और अरुण ओझा रायबरेली की ओर से लखनऊ की तरफजा रहे थे। इसी दौरान कस्बे में अधिवक्ताओं की कार स्वास्थ्य कर्मियों की बाइक से टकरा गई। जिसके बाद मौके पर मौजूद पब्लिक ने अधिवक्ताओं की पिटाई कर दी। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने अधिवक्ताओं को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद पुलिस कर्मियों से भी अधिवक्ताओं ने अभद्रता की। पुलिस के मुताबिक, अधिवक्ता शराब के नशे में गाड़ी चला रहे थे। पीड़ित स्वास्थकर्मी ने दोनों ही अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बीती 31 दिसंबर की सुबह मामले की जानकारी मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को हुई। मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के पदाधिकारी भारी संख्या में मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचे और अधिवक्ताओं को छोड़ने का दबाव बनाने लगे। पुलिस ने इंकार किया तो अधिवक्ता कोतवाली के बाहर नेशनल हाईवे पर बैठ गए। नेशनल




हाईवे तकरीबन 9 घंटे तक जाम लगा रहा। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने से नाराज अधिवक्ता ने पुलिस पर मारपीट करने का आरोप लगाया। फिर पुलिस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की जिद पर अड़ गए। नेशनल हाईवे जाम करने के आरोप में पुलिस ने 300 अज्ञात अधिवक्ताओं के खिलाफएक और मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने से अधिवक्ता आक्रोशित हो गए। अधिवक्ताओं ने बीते शनिवार को मोहनलालगंज बार भवन में बैठक कर 3 दिनों तक कार्य बहिष्कार किए जाने का ऐलान किया था। बुधवार को अधिवक्ता स्वास्थ्य भवन चौराहे पर पुलिस प्रशासन का पुतला फूंका। अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमे का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। जिसमें सुनवाई की अगली तारीख 17 जनवरी नियत की गई है। अधिवक्ताओं ने इंस्पेक्टर मोहनलालगंज कुलदीप दुबे समेत पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए सीजेएम कोर्ट में अर्जी दी। सीजेएम कोर्ट ने 16 की रिपोर्ट मोहनलालगंज कोतवाली से तालाब की। लेकिन बीती देर रात मोहनलालगंज पुलिस ने अधिवक्ताओं की तहरीर पर दरोगा राजकुमार और विजय कुमार सरोज के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मांगों पर कार्यवाही न होने से कर्मचारियों में रोष

## 29 जनवरी को होगी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की केंद्रीय कार्यकारणी की बैठक

(संवाददाता)

लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने आज लखनऊ में पूर्वी मंडलों की बैठकों की बैठकों का वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा किया। उन्होंने अवगत कराया है कि विंध्याचल, वाराणसी, फैजाबाद मंडल की बैठक के बाद लखनऊ आकर संयुक्त परिषद के अध्यक्ष ने वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक की समीक्षा की। मंडल स्तर पर की बैठकों में मुख्य सचिव समिति की रिपोर्ट में विलंब होने ,आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किए जाने, समाज कल्याण आश्रम पद्धति विद्यालयों के संविदा शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग का लाभ दिए जाने एवं संविदा शिक्षकों का विनियमितीकरण किए जाने, रिक्त पदों को भरे, जाने नगर प्रतिकर भत्ता की बहाली किए जाने, 18 महीने के सीज महंगाई भत्ते का भुगतान किए जाने तथा पुरानी पेंशन जैसे मुद्दे छाए रहे। जे एन तिवारी ने समीक्षा बैठक के बाद प्रदेश के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर अवगत कराया है कि शासन स्तर पर विभागीय प्रमुख सचिव कर्मचारी संगठनों के साथ बैठकर नहीं कर रहे हैं जिसके कारण विभागीय समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की मुख्य सचिव के साथ प्रस्तावित बैठक लगातार टल रही है जिसके कारण संविदा आउटसोर्स कर्मचारियों का नियमितीकरण, मुख्य सचिव समिति के माध्यम से वेतन विसंगतियों पर निर्णय, सातवें वेतन आयोग का लाभ जैसे मुद्दे लंबित होते जा रहे हैं। जे एन तिवारी ने मुख्य सचिव को पत्र भेज कर अवगत कराया है कि कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं पर तत्काल बैठक करके निर्णय करने की आवश्यकता है। कर्मचारियों की मुख्य मांगे मुख्य सचिव के हस्तक्षेप से ही हल हो सकती है। विभागो में संविदा कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। संविदा कर्मचारियों का अकारण ही वेतन रोका जा रहा है , सेवा से निकाला जा रहा है। संविदा कर्मचारियों के साथ अधिकारी मनमाना व्यवहार कर रहे हैं। संविदा एवम् आउट सोर्स कर्मचारियों की स्तिथि बधुवा मजदूरों से भी बदतर हो गई है। जे एन तिवारी ने मांग किया है कि संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण तक संविदा पर जो भी कर्मचारी, शिक्षक कार्य कर रहे हैं, उनका प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण की प्रक्रिया बंद की जाए, स्वतरू उनकी सेवाएं आगे बढ़ा दी जाए। नवीनीकरण करते समय अधिकारी कर्मचारियों के साथ आपसी रंजिश का व्यवहार करते हैं तथा संविदा रोकने की सिफारिश कर देते हैं, जिससेअचानक ही उनको सेवा से पृथक होना पड़ता है, कर्मचारियों में रोष उत्पन्न होता है एवं अनावश्यक रूप से कोर्ट केस बढ़ते हैं।

# व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा इन्डस्ट्रीज पार्टनर्स के साथ निवेश बैठक हुई

(संवाददाता)

❑ आईटीआई को पीपीपी मॉडल पर संचालित करा रहा है, जिसके माध्यम से प्रशिक्षण में निजी सहभागिता के साथ-साथ उसकी गुणवता को बढ़ाना मूल उद्देश्य है।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के सभागार में प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग की अध्यक्षता में विभागीय कार्यों से सम्बन्धित निवेश को लेकर विभाग के साथ जुड़े इन्डस्ट्रीज् पार्टनर्स, शैक्षिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा अन्य औद्योगिक इकाईयों तथा संगठनों के प्रमुख के साथ बैठक की गई है। इस बैठक में कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के साथ प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये हुये उद्योगपतियों व व्यापारियों के साथ-साथ औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। इण्डस्ट्री मीट का प्रारम्भ करते हुये प्रमुख सचिव ने बताया कि सरकार ने अगले 5 वर्षों की अवधि में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 501 ट्रिलियन तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस के लिए शासन द्वारा प्रदेश स्तर पर इन्वेस्ट यूपी के नाम से एक विशिष्टि इकाई को स्थापित किया है। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग शासन हेतु प्रदेश सरकार ने तीन हजर करोड़ का निवेश लक्षित किया गया है, जिसकी पूर्ति हेतु आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं। आईटीआई को पीपीपी मॉडल पर संचालित करा रहा है, जिसके माध्यम से प्रशिक्षण में निजी सहभागिता के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता को बढ़ाना मूल उद्देश्य है। स्टार्टअप्स हेतु कौशल विकास मिशन स्टार्ट-अप ट्रेनिंग पार्टनर योजना को प्रारम्भ करने जा रहा है। जिससे इण्डस्ट्री के उपस्थित प्रतिनिधियों से जुड़ने को कहा गया। कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग ने कहा कि व्यावसायिक एवं कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में निवेश की अपार सम्भावनायें हैं। हमारी सरकार ने प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर ले जाने का जो संकल्प लिया है, उसे हम सभी मिलकर अवश्यक प्राप्त कर लेंगे। उन्होने कहा कि हम अपने 150 आईटीआई को टाटा के सहयोग से उच्चीकृत करने जा रही है। इसके साथ-साथ सरकार उनको लागू करने के के आपको बेहतर अवसर तथा भौतिक एवं वित्तीय संसाधन उपलब्ध करायेगी। वहीं हरिकेश चौरसिया निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन ने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षित करने में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं में निवेश कर भविष्य के नए निवेशकों को तैयार किया जा सके।

# सम्पादकीय

## विमान में महिला से अभद्र व्यवहार

सड़क पर चलते हुए बदतमीजियां, किसी भी सार्वजनिक स्थल पर लड़कियों पर फब्तियां कसना और बदतमीजी करना यह सब क्या हो रहा है? किसी के खिलाफभी बदतमीजी करना और फिर झगड़ा आखिरकार यह समाज को क्या हो गया है? बसों में बदतमीजी, रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में बदतमीजी और अब जहाजों में बदतमीजी की घटनाएं बढ़ रही हैं। सवाल पैदा होता है कि आखिरकार यह क्या हो रहा है? हर घटना में नारी को बिना मतलब के टारगेट पर लिया गया है और सारी बदतमीजियां उसी के साथ हो रही हैं। एक तरफदेश की बेटियां राष्ट्र की शान में झंडे गाड़ रही हैं। शिवा चौहान जैसी बेटी दुनिया में सबसे ऊंची बर्फकी चोटी सियाचिन में पहली महिला सैनिक के रूप में तैनात होकर देश का नाम रोशन कर रही है और उसी गौरवशाली भारत के नागरिक हवाई यात्रा के दौरान बिजनेस क्लास में सफर करते हुए किसी महिला के ऊपर पेशाब कर देते हैं। सचमुच इस घटना को सुनकर सिर शर्म से झुक जाता है। यह घटना एक बार नहीं, दो बार हुई। दोनों घटनाएं एयर इंडिया के विमानों से जुड़ी हैं। एक विमान न्यूयॉर्क से आ रहा था जबकि दूसरा पेरिस से आ रहा था। शर्मनाक बात यह है कि न्यूयॉर्क वाले केस में लगभग एक महीने बाद इस शर्मनाक घटना का खुलासा होता है और शंकर मिश्रा नाम का अमीरजादा ऐसी बदतमीजी करके फरार हो जाता है। हालांकि उसकी कंपनी ने उसे दो दिन पहले नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। लेकिन सवाल पैदा होता है कि एयर इंडिया ने इस घटना का खुद संज्ञान क्यों नहीं लिया और क्रू-मेंबर खामोश क्यों रहे? अभी इस घटना को लेकर हर तरफथू-थू हो रही थी कि ऐसी ही घटना और सामने आयी। कहने का मतलब यह है कि हवाई यात्राओं के दौरान इस प्रकार अगर गुनहगारों को नजरंदाज किया जाता रहेगा तो देश की शान का क्या होगा? यह खबर अकेले भारत में वायरल नहीं हुई, पूरी दुनिया के लोग इसके बारे में जब जान रहे होंगे तो वे भारत के प्रति क्या नजरिया रखेंगे। हवाई यात्रा अपने आप में बहुत संवेदनशील सफर है जो कभी अनुशासन के लिए जाना जाता था। पिछले हफ्ते ही सीट के झगड़े को लेकर फ्लाइट में एक यात्री ने दूसरे यात्री की पिटाई की, यह वीडियो भी वायरल हुआ। हैरानी इस बात की है कि एक विमान में प्रवेश करने पर एयरलाइंस की ओर से अनुशासन और अपनेपन को लेकर बड़ा ऊंचा तामझाम प्रस्तुत किया जाता है कि जैसे यात्री को बड़ा ऊंचा दर्जा दिया जा रहा है। लेकिन यात्रियों को शराब परोसना और इस दौरान विमान परिचालिकाओं से बदतमीजी की बातें तो आम हैं। हद तो नशे में ऐसे अमीरजादों द्वारा महिलाओं के सामने पेशाब कर देना यह कहां की शराफत है। ऐसी घटनाएं कभी न हो इसके लिए ठोस व्यवस्था की जरूरत है। हवाई यात्राओं के दौरान तरह-तरह के किस्से वायरल होते रहते हैं लेकिन हमारा एतराज बदतमीजियों को लेकर है। इस मामले में कुछ नये कायदे कानून लागू करने होंगे। पूरे देश को शर्मसार कर देने वाले लोग अगर सिर्फतीस दिन की हवाई यात्रा से प्रतिबंधित कर दिये जाने के बाद कल फिर यही हरकत करेंगे तो उनके हौंसले बढ़ते ही रहेंगे। इन्हें अपराध की श्रेणी में रखते हुए कम से कम पांच वर्ष तक का कारावास अगर तयकर दिया जाये तो कोई ऐसी जुर्रत नहीं करेगा। सोशल मीडिया पर लोग अपनी भावनाएं इसी अंदाज में अभिव्यक्त कर रहे हैं। कभी हमारे देश में डोमेस्टिक फ्लाइट्स में शराब परोसी जाती थी जो अब लगभग बीस वर्ष से बंद हो चुकी है। अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों में शराब अभी भी परोसी जाती है। हवाई सफर केवल अमीरों का सफर नहीं बल्कि आम आदमी इसलिए भी करता है ताकि इमरजेंसी में इसका लाभ ले सके। लेकिन अनेक लोगों ने हवाई यात्रा को अय्याशी समझ रखा है। ऐसे लोगों को सबक सिखाना बहुत जरूरी है। सड़कों पर सामाजिक जीवन में बदतीमीजियां अक्सर अखबारों की सुर्खियां बनकर पब्लिक के बीच में और चौनलों पर छाई रहती हैं। इस दिशा में कोई अलग विभाग बनाना होगा बदतमीजी करने वाले हवाई यात्रियों के लिए अगर मौके पर ही ऐसी व्यवस्था कर दी जाये जो उन्हें सबक सिखा सके, उसका स्वागत किया जाना चाहिए।

## छोटी सरकार ने किया शर्मसार

दिल्ली की ''छोटी सरकार'' का मुखिया यानि महापौर और उपमहापौर चुने जाने से पहले हुए बवाल ने लोकतंत्र को शर्मसार करके रख दिया है। निर्वाचितघ् पार्षदों के शपथ ग्रहण करने से पहले ही आप और भाजपा पार्षदों में हाथापाई, धक्का-मुक्की को पूरे देश ने देखा। किसी ने कुर्सी उठाई, किसी ने पर्दे फैंके, कुछ पार्षद आसन से गिर गए, एक-दूसरे को घसीटा गया। जो कुछ भी हुआ उससे सारी मर्यादाएं तार-तार हो गईं। सिविक सैंटर में यह सब करने वाले किसी गली या मोहल्ले में बात-बात पर बिगड़ने वाले तत्व नहीं थे, बल्कि मिनी भारत यानि दिल्ली में रहने वाली जनता के वोट से चुने गए पार्षद थे। दिल्ली नगर निगम के सदन में उनका पहला दिन था और पार्षदों ने जिस तरह से आचरण का परिचय दिया है उससे जनता यह सवाल उठाने को विवश हुई है कि जो लोग शांति से शपथ नहीं ले सकते वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह कैसे कर पाएंगे। दिल्ली नगर निगम एक शक्तिशाली लोकतांत्रिक संस्था है। जिस पर दिल्ली की वे तमाम जिम्मेदारियां हैं जिनका सीधा संबंध जनता से है। वैसे तो देशवासी लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर संसद में भी ऐसे दृश्य देख चुके हैं। लेकिन दिल्ली नगर निगम के इतिहास में शपथ ग्रहण के दिन ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। 1958 में संसद में कानून के माध्यम से वीएनसी की तर्ज पर घ्दिल्ली नगरघ् निगम की स्थापना की गई थी। तब पुरानी दिल्ली के टाउन हाल में इसका मुख्यालय बनाया गया था। दिल्ली की पहली महापौर अरुणा आसिफअली बनी थीं। तब दिल्ली नगर निगम में जनसेवा को समर्पित पार्षद मौजूद रहते थे। नगर निगम ने ही विजय कुमार मल्होत्रा, मदन लाल खुराना, केदारनाथ साहनी, जगप्रवेश चन्द्र और अन्य कई दिग्गज नेता इस राष्ट्र को घ्दिए हैं। लेकिन 2023 तक आते-आते राजनीति में विकृतियां आती गईं। जनप्रतिनिधि न केवल लोगों के लिए बल्कि अन्य संस्थाओं के लिए आदर्श होने के नाते जनता को उनसे बहुत उम्मीदें होती हैं। जनप्रतिनिधियों को सदन के भीतर तथा बाहर शालीनता के साथ उच्चतम मापदंडों का पालन करना होता है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका एक प्रतिष्ठित दर्जा होता है। इसलिए उन्हें अपने कार्यों में अनुशासन और लोकतंत्र के श्रेष्ठ प्रतिमानों को बनाए रखना चाहिए। लेकिन अफसोस इस बात का है कि हाल ही के वर्षों में जनप्रतिनिधियों के अशोभनीय व्यवहार की घटनाएं बढ़ी हैं। जिससे संस्थाओं की छवि धूमिल हुई है। आज जनप्रतिनिधि सदन में जनता की आवाज बनने की बजाए अपना ही ढिंढोरा पीटने में लग जाते हैं। सदन में वे संभ्रांत जनप्रतिनिधि न होकर बाहुबलियों का रूप धारण कर लेते हैं। उनके व्यवहार के चलते सदन की तस्वीर ही बदरंग नजर आती है। दिल्ली नगर निगम में विवाद उपराज्यपाल द्वारा मनोनीत 10 पार्षदों को पहले शपथ दिलवाने पर शुरू हुआ। इस पर आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि पहले चुने हुए पार्षदों का शपथ ग्रहण शुरू होना चाहिए। इस तरह पहले तो सदन में नारेबाजी हुई, फिर हंगामा मारपीट में तब्दील हो गया। मनोनीत पार्षदों को पहले शपथ दिलवाने का मुद्दा कोई बड़ा नहीं था लेकिन इस पर शांतिपूर्ण विरोध व्यक्त किया जा सकता था, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। जहां तक मनोनीत पार्षदों के वोट डालने का सवाल है, यह एक तकनीकी मुद्दा है। आप पार्टी को मनोनीत पार्षदों के भाजपा के पक्ष में वोट डालने की आशंका है। इससे उसके राजनीतिक समीकरण बिगड़ सकते हैं। स्टैंडिंग कमेटी मेम्बर और जोन चेयरमैन के चुनाव में वोट डाल सकते हैं। जोनल इलेक्शन में भी इनका असर पड़ सकता है। जहां तक तकनीकी मुद्दों का सवाल है, कोई भी राजनीतिक दल अदालत जाने को स्वतंत्र है। अगर बहुमत की दृष्टि से देखा जाए तो महापौर आम आदमी पार्टी का बनना चाहिए। क्योंकि नगर निगम में दल-बदल कानून लागू नहीं होता। इसलिए क्रॉस वोटिंग का डर बना हुआ है। आम आदमी पार्टी ने पहले ही यह आरोप लगाना शुरू कर दिया था कि भाजपा उनका महापौर न बनने देने के लिए षड्यंत्र रच रही है। आरोपों-प्रत्यारोपों के बीच दोनों ही पक्ष पूरी तैयारी के साथ आए थे। आज के दौर में दल-बदल, तोड़फोड़ होना आम बात है। जनप्रतिनिधियों का उद्देश्य जनसेवा नहीं बल्कि जीत हासिल कर विशुद्ध व्यवसाय करना है।

# जातीय गणना के बाद की आशंकाए

**प्रेम शर्मा**



देश की दो बड़ी पार्टी भाजपा और कांग्रेस जातिगत जनगणना के पक्ष में नही है। बिहार में नीतिश सरकार द्वारा जातिगत जनगणना शुरू कर देने के बाद इसके फायदे और नुकसान पर चर्चा शुरू हो गई है। वैसे भी भारत की राजनीत में जातिगत समीकरण हमेशा भारी रहे है। अब ऐसे में बिहार में जातीय गणना शुरू होने के बाद तमाम सवाल उठने लाजिमी है। जाति भारतीय समाज की एक सच्चाई है और उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। जाति का सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से भी महत्व है लेकिन जातीय गणना के खतरे भी हैं। इसको अनदेखा नहीं किया जा सकता कि देश में जातियों को गोलबंद कर वोट बैंक की राजनीति होती है।बिहार में जातीय गणना का काम शुरू होना इसलिए उल्लेखनीय है, क्योंकि वह इस तरह की गणना कराने वाला पहला राज्य है। बिहार के साथ अन्य राज्य जातिगत जनगणना की मांग कर रहे थे, लेकिन केंद्र सरकार किन्हीं कारणों से पुरानी परंपरा का ही पालन करने के लिए तैयार हुई। वह शायद इसलिए हिचक गई, क्योंकि इससे जातिवाद आधारित राजनीति को बल मिलने के साथ आरक्षण की नित नई मांगें सामने आने का अंदेशा था। सच जो भी हो, यह अच्छा है कि बिहार सरकार जातीय गणना के साथ लोगों की आर्थिक स्थिति का भी आकलन करने जा रही है। लोगों की आर्थिक स्थिति जानना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि उसे जानकर ही क्षेत्र विशेष के लिए आर्थिक उत्थान की कारगर योजनाएं शुरू की जा सकती हैं।आर्थिक स्थिति का आकलन निर्धनता निवारण की योजनाओं के क्रियान्वयन में भी सहायक होता है, लेकिन यही बात जातीय गणना के बारे में नहीं कही जा सकती। सैद्धांतिक रूप से तो देश के सामने यह स्पष्ट होना ही चाहिए कि किस जाति के कितने लोग हैं, क्योंकि सामाजिक विकास की कई योजनाएं इसी आधार पर संचालित होती हैं कि कहां, किस जाति की कितनी संख्या है? जाति भारतीय समाज की एक सच्चाई है और उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। जाति का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से भी महत्व है, लेकिन जातीय गणना के खतरे भी हैं। सबसे बड़ा खतरा यह है कि विभिन्न राज्यों में जातियों का आकलन करने के नाम पर जातिवाद की राजनीति को नए सिरे से धार दी जा सकती है। जातीय जनगणना के बाद आने वाले परिणामों से राजनीति के साथ नौकरी सहित कई क्षेत्रों में आरक्षण की मांग और जातिगत वर्चस्व प्रबल होगा। यही नही सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 1952 में स्पष्ट तौर पर देश का गृहमंत्री रहते हुए संसद में कहा था कि अगर हम जातीय जनगणना करते हैं तो देश का सामाजिक तानाबाना टूट जाएगा। साल 1931 तक भारत में जातिगत जनगणना होती थी। साल 1941 में जनगणना के समय जाति आधारित डेटा जुटाया जरूर गया था, लेकिन प्रकाशित नहीं किया गया।साल 1951 से 2011 तक की जनगणना में हर बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का डेटा दिया गया। लेकिन ओबीसी और दूसरी जातियों का नहीं।साल 1990 में केंद्र की तत्कालीन विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार ने दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग यानि मंडल आयोग की एक सिफारिश को लागू किया था।ये सिफारिश अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नौकरियों में सभी स्तर पर 27 प्रतिशत आरक्षण देने की थी. इस फैसले ने भारत, खासकर उत्तर भारत की राजनीति को बदल कर रख दिया। जानकारों का मानना है कि भारत में ओबीसी आबादी कितनी प्रतिशत है, इसका कोई ठोस प्रमाण फिलहाल नहीं है। मंडल कमीशन के आँकड़ों के आधार पर कहा जाता है कि भारत में ओबीसी आबादी 52 प्रतिशत है. हालाँकि, मंडल कमीशन ने साल 1931 की जनगणना को ही आधार माना था।इसके अलावा अलग-अलग राजनीतिक पार्टियाँ अपने चुनावी सर्वे और अनुमान के आधार पर इस आँकड़े को कभी थोड़ा कम कभी थोड़ा ज्यादा करके आँकती आई है। इसी के आधार पर राजनैतिक दल विभिन्न चुनावों में जातिगत संख्या बल को देखकर उस क्षेत्र से उसी बिरादरी के व्यक्ति को अपना प्रत्याशी बनाने पर जोर देते है। लेकिन केंद्र सरकार जाति के आधार पर कई नीतियाँ तैयार करती है। ताजा उदाहरण नीट परीक्षा का ही है, जिसके ऑल इंडिया कोटे में ओबीसी के लिए आरक्षण लागू करने की बात मोदी सरकार ने कही है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने 20 जुलाई 2021 को लोकसभा में दिए जवाब में कहा था कि फिलहाल केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा किसी और जाति की गिनती का कोई आदेश नहीं दिया है। पिछली बार की तरह ही इस बार भी एससी और एसटी को ही जनगणना में शामिल किया गया है।आज भले ही बीजेपी संसद में इस तरह के जातिगत जनगणना पर अपनी राय कुछ और रख रही हो, लेकिन 10 साल पहले जब बीजेपी विपक्ष में थी, तब उसके नेता खुुद इसकी माँग करते थे।बीजेपी के नेता, गोपीनाथ मुंडे ने संसद में 2011 की जनगणना से ठीक पहले 2010 में संसद में कहा था, अगर इस बार भी जनगणना में हम ओबीसी की जनगणना नहीं करेंगे, तो ओबीसी को सामाजिक न्याय देने के लिए और 10 साल लग जाएँगे। हम उन पर अन्याय करेंगे।इतना ही नहीं, पिछली सरकार में जब राजनाथ सिंह गृह मंत्री थे, उस वक्त 2021 की जनगणना की तैयारियों का जायजा लेते समय 2018 में एक प्रेस विज्ञप्ति में सरकार ने माना था कि ओबीसी पर डेटा नई जनगणना में एकत्रित किया जाएगा। लेकिन अब सरकार अपने पिछले वादे से संसद में ही मुकर गई है। दूसरी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस की बात करें, तो 2011 में एसईसीसी यानी सोशियो इकोनॉमिक कास्ट सेंसस आधारित डेटा जुटाया था। चार हजार करोड़ से ज्यादा रुपए खर्च्च किए गए और ग्रामीण विकास मंत्रालय और शहरी विकास मंत्रालय को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई।साल 2016 में जाति को छोड़ कर एसईसीसी के सभी आँकड़े प्रकाशित हुए। लेकिन जातिगत आँकड़े प्रकाशित नहीं हुए. जाति का डेटा सामाजिक कल्याण मंत्रालय को सौंप दिया गया, जिसके बाद एक एक्सपर्ट ग्रुप बना, लेकिन उसके बाद आँकड़ों का क्या हुआ। इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।माना जाता है कि एसईसीसी 2011 में जाति आधारित डेटा जुटाने का फैसला तब की यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू यादव और समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव के दबाव में ही लिया था। वैसे देखा जाए तो देश की ज्यादातर क्षेत्रीय पार्टियाँ जातिगत जनगणना के समर्थन में है, ऐसा इसलिए क्योंकि उनका जनाधार ही ओबीसी पर आधारित है। इसका समर्थन करने से सामाजिक न्याय का उनका जो प्लेटफॉर्म है, उस पर पार्टियों को मजबूती दिखती है। लेकिन राष्ट्रीय पार्टियाँ सत्ता में रहने पर कुछ और विपक्ष में रहने पर कुछ और ही कहती हैं। विपक्ष में आने के बाद कांग्रेस ने भी 2018 में जाति आधारित डेटा प्रकाशित करने के लिए आवाज उठाई थी. लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अपने देश में जातियों को गोलबंद करके किस तरह वोट बैंक की राजनीति की जाती है। देश में कई दल ऐसे हैं, जो जाति विशेष की राजनीति करते हैं। इन दलों ने विभिन्न जातीय समूहों को गोलबंद करके तरह-तरह के समीकरण बना रखे हैं। क्षेत्रीय राजनीतिक दल ऐसे समीकरण बनाने में माहिर हैं। भले ही जातियों के आधार पर राजनीति करने वाले दल सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने का दावा करते हों, लेकिन सच यह है कि वे जातिगत आधार पर लोगों का ध्रुवीकरण करते हैं और चुनावों के समय उसका लाभ उठाते हैं।इस तरह की राजनीति न केवल समाज को बांटने का काम करती है, बल्कि कई बार विभिन्न जातियों के बीच वैमनस्य भी पैदा करती है। कहना कठिन है कि बिहार में जो जातीय गणना होने जा रही है, उसके क्या परिणाम और प्रभाव होंगे, लेकिन इस तथ्य को ओझल नहीं किया जा सकता कि बिहार जातिवादी राजनीति के लिए कुख्यात रहा है। एक समय यहां जाति आधारित हथियारबंद संगठन खड़े किए गए, जिन्हें जाति विशेष की निजी सेनाओं के रूप में जाना गया। स्पष्ट है कि जातीय गणना के आंकड़ों का इस्तेमाल जातिवादी राजनीति के लिए नहीं होने दिया जाना चाहिए।अब सवाल बिहार में शुरू जातिगत जनगणना का है ऐसे में जातिगत जनगणना जो आँकड़े सामने आएगें वह राजनीतिक स्तर पर भारी फेरबदल करेंगें। मान लीजिए ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत से घट कर 40 फीसदी रह जाती है, तो हो सकता है कि राजनीतिक पार्टियों के ओबीसी नेता एकजुट हो कर कहें कि ये आँकड़े सही नहीं है। और मान लीजिए इनका प्रतिशत बढ़ कर 60 हो गया, तो कहा जा सकता है कि और आरक्षण चाहिए।जनगणना अपने आप में बहुत ही जटिल कार्य है. जनगणना में कोई भी चीज जब दर्ज हो जाती है, तो उससे एक राजनीति भी जन्म लेती है, विकास के नए आयाम भी उससे निर्धारित होते हैं। इस वजह से कोई भी सरकार उस पर बहुत सोच समझ कर ही काम करती है। एक तरह से देखें तो जनगणना से ही जातिगत राजनीति की शुरुआत होती है। उसके बाद ही लोग जाति से खुुद को जोड़ कर देखने लगे, जाति के आधार पर पार्टियाँ और एसोसिएशन बनने लगे। अगर संख्या एक बार पता चल जाए और उस हिसाब से हिस्सेदारी दी जाने लगे, तो कम संख्या वालों का क्या होगा? उनके बारे में कौन सोचेगा? इस तरह के कई सवाल भी खड़े होंगे. ओबीसी और दलितों में ही बहुत सारी छोटी जातियाँ हैं, उनका कौन ध्यान रखेगा? बड़ी संख्या वाली जातियाँ आकर माँगेंगी कि 27 प्रतिशत के अंदर हमें 5 फीसदी आरक्षण दे दो, तो बाकियों का क्या होगा? ये जातिगत जनगणना का नकारात्मक पहलू है।

# एमसीडी सदन में हुए हंगामे से उभरते सवाल मांग रहे जवाब

**कमलेश पांडे**



भाजपा का आरोप है कि आप पार्षदों ने पूर्व नियोजित योजना के आधार पर हंगामा और मारपीट की। यह दिल्ली के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हंगामा कर पार्षदों को शपथ लेने से रोक दिया है। भाजपा ने सदन में हुई इस घटना की जांच कराने की मांग करते हुए आप कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की जरूरत बताई है। दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय सिविक सेंटर में 6 जनवरी 2023 को आहूत शपथ ग्रहण समारोह के दौरान और उसके पश्चात होने वाले महापौर के चुनाव से पहले सत्ताधारी आप और विपक्षी भाजपा के पार्षदों ने जो अपना रौद्र रूप दिखाया है, उससे कई सवाल उपजना लाजिमी है।यदि समय रहते इन सवालों का जवाब मिल जाये तो वह भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ रहेगा। पहला, शपथ ग्रहण समारोह के बीच एमसीडी के प्रशासक उपराज्यपाल द्वारा नामित 10 पार्षदों को पहले शपथ दिलाए जाने के सवाल पर आप के नवनिर्वाचित पार्षदों ने जिस तरह से विरोध जताया और फिर बीजेपी पार्षदों ने भी नहले पर दहला वाली प्रतिक्रिया दी, उसके बाद तो दोनों खेमों के बीच एमसीडी सदन में लात-घूंसे और कुर्सियां सबकुछ चलीं। यह सिलसिला आखिर कबतक थमेगा। क्योंकि सदन में संख्या बल में आप और बीजेपी में मामूली सा अंतर है। दूसरा, इस अप्रत्याशित हंगामे से देश की राजधानी दिल्ली में लोकतंत्र एक बार फिर शर्मसार हुआ है, क्योंकि दिल्ली के गौरवशाली राजनीतिक इतिहास में ऐसा मंजर पहले कभी नहीं देखा गया, जब नवनिर्वाचित पार्षद एक दूसरे पर कुर्सियां और माइक फेंक रहे थे। स्थिति की गम्भीरता का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि ना तो पार्षदों का शपथ ग्रहण हो सका और ना ही मेयर चुनाव। लिहाजा, जब शपथ ग्रहण समारोह और मेयर चुनाव की जब अगली तिथि मुकर्रर होगी तो इस बात की गारंटी कैसे मिलेगी कि इतिहास खुद को नहीं दोहराएगा। तीसरा, जब संख्या बल स्पष्ट है तो फिर भ्रांति किसे और क्यों है? क्योंकि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में चुने हुए पार्षदों की कुल संख्या 250 है, जिनमें से 134 पार्षद आम आदमी पार्टी से चुनकर आये हैं, जबकि 104 पार्षद भारतीय जनता पार्टी से चुनकर आये हैं। वहीं, 9 पार्षद कांग्रेस के हैं, जबकि 3 पार्षद अन्य दलों से या निर्दलीय चुनकर आये हैं। वहीं, 10 पार्षद मनोनीत किये गए हैं। बीजेपी के 7 लोकसभा सांसद और आप के 3 राज्यसभा सांसद हैं। ये सभी वोटिंग के अधिकारी हैं। निगम एक्ट के मुताबिक, मनोनीत पार्षद को जोन में वोट करने का अधिकार है, लेकिन सदन में वोट करने का अधिकार नहीं है। एमसीडी के नए एक्ट में भी वोट का प्रावधान नहीं है। ऐसे में जब सब कुछ स्पष्ट है तो फिर आप या भाजपा को चिंता करने या दांवपेंच चलाने की कोई जरूरत नहीं है।चौथा, आखिर कबतक थमेगा अनर्गल आरोप-प्रत्यारोप का यह सिलसिला। क्योंकि आप का आरोप है कि भाजपा नामित पार्षदों को वोट करने का अधिकार देना चाहती है। उनके सहारे भाजपा अपना मेयर बनाना चाहती है। एमसीडी की परंपरा के विपरीत चुनकर आने वाले पार्षदों के बजाय, जब नामित पार्षदों का शपथ पहले हुआ तो उसे लेकर विरोध हुआ। इस दौरान आप पार्षद प्रवीण कुमार पर हमला किया गया। भाजपा आप पार्षदों की हत्या करना चाहती है। वह सदन के अंदर जीत हासिल करने के लिए खूनी खेल पर उतर आई है। वहीं भाजपा का आरोप है कि आप पार्षदों ने पूर्व नियोजित योजना के आधार पर हंगामा और मारपीट की। यह दिल्ली के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हंगामा कर पार्षदों को शपथ लेने से रोक दिया है। भाजपा ने सदन में हुई इस घटना की जांच कराने की मांग करते हुए आप कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की जरूरत बताई है। पार्टी का कहना है कि बीते कुछ दिनों से जिस तरह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं कानूनी प्रावधानों की अवहेलना कर बयानबाजी और पत्राचार कर रहे हैं, वह सीधे अपने पार्षदों को हिंसा करने के लिए उकसावे जैसा है और हुआ भी यही।पांचवां, ऐसे में सीधा सवाल यह है कि जब देश में कानून बनाने वाली सर्वशक्तिमान संस्थाओं के माननीय सदस्यों का आचरण ही ऐसा है, तो आम लोग उनसे क्या सीखेंगे, समझा जा सकता है। वैसे भी दिल्ली को लघु भारत समझा जाता है, इसलिए यहां पर घटित होने वाली हर घटना का असर पूरे राष्ट्र की मानसिकता पर पड़ता है। सवाल यह भी है कि जब उनका आचरण ही ऐसे अनियंत्रित है, तो फिर वो अपने पक्ष में कैसे-कैसे कानून बनाते होंगे, यह समझना मुश्किल नहीं है। शायद देश व देशवासियों की दुर्दशा की वजह भी यही है कि हमारे जनप्रतिनिधि स्थापित मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित नहीं हैं और सत्ता पाने या उसमें बने रहने के लिए वो किसी भी हद तक जा सकते हैं।छठा, सवाल है कि हमारे संसद के दोनों सदनों, विधान मंडलों और त्रिस्तरीय स्थानीय निकायों से जुड़े सदनों में पक्ष-विपक्ष के बीच हाथापाई से लेकर मारपीट तक, जो कुछ भी होता आया है, उसके आगे भी थमने के आसार नहीं हैं। क्योंकि सदन के भीतर कुछ भी करने और अपेक्षित न्यायोचित कार्रवाई से बचने का विशेषाधिकार इन्होंने खुद से ही हासिल कर रखा है। जनता इन्हें हरा सकती है, लेकिन इनके किसी कुकृत्य के लिए कानूनन सजा नहीं दिला सकती, जब तक कि ये सदन में हों। वैसे तो इनके ऊपर कार्रवाई करने का पूरा अधिकार सदन अध्यक्ष यानी आसन के पास होता है, लेकिन उनके स्तर से भी निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई यदि की गई होती, तो यह सिलसिला कब का थम चुका होता।सातवां, हमारे माननीय सांसदगण, विधायकगण और पार्षदगण को यह सोचना चाहिए कि भारतीय लोकतंत्र में वो राजा के समतुल्य हैं और सभी सुविधाओं का उपभोग कर रहे हैं। वहीं, उनकी देखा देखी यानी यथा राजा तथा प्रजा के तर्ज पर अब समाज में भी कुछ लोग ऐसे ही बेतुके आचरण प्रदर्शित करने लगे हैं। भले ही ऐसे लोगों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई के प्रावधान हैं, लेकिन किसी जनप्रतिनिधि यानी सत्ताधारी वर्ग से जुड़े होने के चलते वो भी सख्त कानूनी कार्रवाई से प्रायः बचते आये हैं। वो भी तभी तक, जब तक कि मामला कोर्ट नहीं पहुंच जाए।आठवां, उम्मीद है कि एमसीडी का यह अप्रत्याशित हंगामा भी देर-सबेर कोर्ट तक जरूर पहुंचेगा और बीजेपी इसी दिशा में सक्रिय हैं। उसे पता है कि आप हर तरह से बीजेपी को बदनाम करके उसका राजनीतिक लाभ उठाती आई है, इसलिए अब असंवैधानिक आचरण प्रदर्शित करने वाले आप नेताओं को वह कोर्ट तक घसीटेगी, ताकि उनके आचरण में बदलाव आए। यदि ऐसा हुआ तो पलटवार स्वरूप आप भी कुछ करेगी। ऐसे में कोर्ट का भावी रुख भी यह तय करेगा कि ऐसी घटनाएं कबतक थमेंगी और यदि नहीं तो फिर क्या होगा अंजाम, सोचकर हर किसी का दिल सहम जाता है। क्योंकि राजनीतिक कड़वाहट दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है।

# समान नागरिक संहिता मामले को गुपचुप आगे बढ़ा रही है मोदी सरकार

**अजय कुमार**

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शाह बानो मामले में दिये गए निर्णय को तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने धार्मिक दबाव में आकर संसद के कानून के माध्यम से पलट दिया था। समान नागरिक संहिता लागू होने से भारत की महिलाओं की स्थिति में भी सुधार आएगा।केन्द्र की मोदी सरकार भले ही भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के एजेंडे में शामिल 'समान नागरिक संहिता' कानून लागू करने के मामले में ढीली-ढाली नजर आ रही हो, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस ओर से आंखें मूंद ली हों। पर्दे के पीछे सरकार के भीतर इस पर तेजी से कार्य चल रहा है। 'समान नागरिकता कानून' बनाने के लिए सबसे जरूरी है कि सभी धर्मों के 'पर्सनल लॉ' की खूबियों और खामियों का बारीकी से मंथन हो और यह काम हो भी रहा है। मंथन करते समय इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है कि तमाम धर्मों के पर्सनल लॉ से कहीं भारतीय संविधान की अवहेलना तो नहीं हो रही है। इसी क्रम में इस पर भी ध्यान रखा जा रहा है कि कहीं पर्सनल लॉ और संविधान में आम जन को मिले मौलिक अधिकारों में तो कोई टकराव नहीं हो रहा है। यह भी देखा जा रहा है कि विभिन्न धर्मों के पर्सनल लॉ में लिंग आधारित समानता और न्याय का प्रावधान है या इसकी अवहेलना हुई है। क्या तमाम पर्सनल लॉ में सामाजिक बुराई को धार्मिक परंपरा के नाम पर न्यायोचित तो नहीं ठहराया गया है। तमाम पर्सलन लॉ का अध्ययन करके सारे पर्सनल लॉ को संहिताबद्ध करने पर भी विचार हो सकता है ताकि उनकी व्याख्या में व्याप्त अस्पष्टता को दूर किया जा सके।गौरतलब है कि पर्सनल लॉ की समीक्षा का काम कार्मिक, लोक शिकायत, विधि व न्याय विभाग की संसदीय समिति कर रही है। समिति ने लोगों से सुझाव और राय भी मांगी थी। अभी तक समिति को इस पर 50 से ज्यादा सुझाव प्राप्त हो चुके हैं। पर्सनल लॉ की समीक्षा और उस पर आने वाली रिपोर्ट कई पहलुओं से महत्वपूर्ण होगी। क्योंकि जब 21वें विधि आयोग को समान नागरिक संहिता पर विचार करके रिपोर्ट देने को सरकार ने कहा था तो तत्कालीन आयोग ने अगस्त 2018 में कार्यकाल पूरा होने के समय समान नागरिक संहिता पर कोई रिपोर्ट देने की बजाए परिवार विधियों में संशोधन की सलाह दी थी। इस बारे में परामर्श पत्र भी जारी किये थे। ऐसे में देखा जाए तो पर्सनल लॉ का संहिताबद्ध होना भी एक तरह से समान नागरिक संहिता का रास्ता बनाता दिखता है। हालांकि, पर्सनल लॉ की समीक्षा कर रही संसदीय समिति के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सुशील मोदी से जब भी इस संबंध में पूछा जाता है तो उनका रटा-रटाया जवाब होता है, उनकी समिति का समान नागरिक संहिता से कोई लेना देना नहीं है। न ही वह उनके विचार का दायरा है।बता दें कि सुशील मोदी की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति पर्सनल लॉ की समीक्षा कर रही है जिसमें यह देखा जाएगा कि प्रत्येक पर्सनल लॉ में क्या अच्छी बातें हैं जिसका दूसरे पर्सनल लॉ में प्रयोग किया जा सकता है। इस बारे में अभी तक तीन बैठकें हो चुकी हैं। कमेटी ने विज्ञापन देकर पर्सनल लॉ की समीक्षा पर लोगों से सुझाव आमंत्रित किये थे और कमेटी के पास 50 से ज्यादा लोगों के सुझाव आए हैं। सूत्र बताते हैं कि कमेटी आने वाले दिनों में तमाम संविधान विशेषज्ञों तथा अधिवक्ताओं को बुलाने वाली है जिनसे जाना समझा जाएगा कि अलग-अलग पर्सनल लॉ क्या हैं और उनमें क्या खामियां या खूबियां हैं। उदाहरण के तौर पर हिन्दू कोड बिल बहुत पहले पास हुआ था, अब कमेटी देखेगी क्या उसमें कोई चीज ऐसी है या कोई कमी है जिसे ठीक करना चाहिए। इस प्रकार की चीजों पर अध्ययन करके कमेटी रिपोर्ट दे सकती है। पूर्व में कुल 10 बिंदु चिन्हित किये गए थे जिसमें पर्सनल लॉ और संविधान के तहत मिले मौलिक अधिकारों में टकराव नजर आ रहा था। पर्सनल लॉ में लिंग आधारित भेदभाव और लिंग के आधार पर बराबरी के अधिकार को अनदेखा कर इसे धार्मिक परंपरा कह कर न्यायोचित ठहराना गया है। कमेटी द्वारा पर्सनल लॉ की व्याख्या और उसे लॉगू करने में आने वाली अस्पष्टता को दूर करने के लिए सभी पर्सनल लॉ को संहिताबद्ध किया जाना है। इसमें रिफार्मिंग सेकुलर पर्सनल लॉ जैसे स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 आदि शामिल हैं।उधर, समान नागरिक संहिता में अंतरधर्मीय और अंतरजातीय शादी करने वाले जोड़ों को संरक्षण देना है। समाज को पर्सनल लॉ को संहिताबद्ध करने के बारे में संवेदनशील करना और उन पर्सनल लॉ में अच्छी बातें जैसे तमाम मसले शामिल हैं। बात संविधान के तहत देश में 'समान नागरिक संहिता' कानून लागू करने की की जाए तो भारतीय संविधान के भाग-4 के अनुच्छेद-44 में नीति-निर्देश दिया गया है कि समान नागरिक कानून लागू करना हमारा लक्ष्य होगा। सर्वोच्च न्यायालय भी कई बार समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में केन्द्र सरकार के विचार जानने की पहल कर चुका है। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि भारतीय संविधान का उद्देश्य भारत के समस्त नागरिकों के साथ धार्मिक आधार पर किसी भी भेदभाव को समाप्त करना है, लेकिन वर्तमान समय तक समान नागरिक संहिता के लागू न हो पाने के कारण भारत में एक बड़ा वर्ग अभी भी धार्मिक कानूनों की वजह से अपने अधिकारों से वंचित है।यहां यह भी नहीं भूलना चाहिए कि भले ही पर्सनल लॉ कुछ धर्मों का अपना निजी कानून नजर आता हो, लेकिन यहां यह जान लेना भी जरूरी है कि अलग-अलग धर्मों के अलग कानून से न्यायपालिका पर बोझ पड़ता है। समान नागरिक संहिता लागू होने से इस परेशानी से निजात मिलेगी और अदालतों में वर्षों से लंबित पड़े मामलों के फैसले जल्द होंगे। सभी के लिए कानून में एक समानता से देश में एकता बढ़ेगी। जिस देश में नागरिकों में एकता होती है, किसी प्रकार का वैमनस्य नहीं होता है, वह देश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ता है। देश में हर भारतीय पर एक समान कानून लागू होने से देश की राजनीति पर भी असर पड़ेगा और राजनीतिक दल वोट बैंक वाली राजनीति नहीं कर सकेंगे और वोटों का ध्रुवीकरण नहीं होगा। ज्ञातव्य है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शाह बानो मामले में दिये गए निर्णय को तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने धार्मिक दबाव में आकर संसद के कानून के माध्यम से पलट दिया था। समान नागरिक संहिता लागू होने से भारत की महिलाओं की स्थिति में भी सुधार आएगा। अभी तो कुछ धर्मों के पर्सनल लॉ में महिलाओं के अधिकार सीमित हैं। इतना ही नहीं, महिलाओं का अपने पिता की संपत्ति पर अधिकार और गोद लेने जैसे मामलों में भी एक समान नियम लागू होंगे। समान नागरिक संहिता लागू किए जाने में देरी के कारणों पर ध्यान दिया जाए तो यह साफहो जाता है कि देश की सरकारों को किसी भी दशा में धार्मिक रुढ़ियों की वजह से समाज के किसी वर्ग के अधिकारों का हनन रोका जाना चाहिये। साथ ही 'विधि के समक्ष समता' की अवधारणा के तहत सभी के साथ समानता का व्यवहार करना चाहिये।

# समीक्षा बैठक में क्षय रोग के विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा

संवाददाता



फर्रुखाबाद। जिला क्षय रोग विभाग ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में बुधवार को एक समीक्षा बैठक कीस इसमें अधिकाधिक रोगी खोजने, जांचने और इलाज करने, निजी चिकित्सक की ओर से अधिकाधिक मामले संदर्भित करने, निक्षय मित्र की भूमिका और निक्षय पोर्टल को नियमित अपडेट करने आदि पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार ने बताया कि टीबी संक्रामक रोग है। इसको तपेदिक या क्षय रोग भी कहते हैं। यह एक व्यक्ति से दूसरे में फैल सकता है। यह मुख्य रूप से फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। हालांकि इसका वायरस आंत, मस्तिष्क, हड्डियों, जोड़ों, गुर्दे, त्वचा और हृदय को भी प्रभावित कर सकता है। इसको रोकने के लिए जनसमुदाय को आगे आना होगा। तभी जाकर हम इस पर काबू कर पा सकेंगे जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ के पी त्रिपाठी ने बताया कि हमारे शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र हर समय रोगजनक जीवाणुओं से लड़ता रहता है। लेकिन प्रतिरक्षा तंत्र जैसे ही कमजोर होता है तो बीमारियां हावी होने लगती हैं। उन्होंने बताया कि दो हफ्ते या उससे अधिक समय से खांसी आना टीबी का मुख्य लक्षण हो सकता है। वहीं, शाम को बुखार आना, बलगम के साथ खून आना, वजन कम होना इसके अन्य लक्षणों में शामिल हैं। डीटीओ ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकती है। लेकिन फेफड़ों की टीबी ही संक्रामक है। फेफड़ों की टीबी के रोगी के बलगम में टीबी के जीवाणु पाए जाते हैं। रोगी के खांसने, छींकने और थूकने से ये जीवाणु हवा में फैल जाते हैं और अन्य व्यक्ति के सांस लेने से यह जीवाणु उस व्यक्ति के फेफड़ों में पहुँच जाते है और उसे संक्रमित कर देते हैं। जिला रोग विभाग से जिला समन्वयक रंजीत ने बताया कि जिले में वर्तमान में 1619 टीबी रोगियों का इलाज चल रहा है स 1419 टीबी रोगियों को 328 निक्षय मित्रों ने गोद लिया है स 88 लोग डायबिटीज के साथ ही टीबी ग्रस्त हैं स पिछले माह हुए निक्षय दिवस पर जिले में 14 क्षय रोगी मिले स इस दौरान डीपीटीसी अखिलेश यादव और डीपीपीएमसी पूनम दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

## ऊर्जा मंत्री ने विधायक मेजर को नगर को क्लीन करने के लिए प्रस्ताव भेजने एवं बजट आवंटित करने का किया वादा

संवाददाता, फर्रुखाबाद। सूबे के ऊर्जा मंत्री ने नगर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को क्लीन फर्रुखाबाद के लिए प्रस्ताव भेजने एवं स्वीकृत टेंडर के लिए शीघ्र ही बजट आवंटित करने का वादा किया है। विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी ने आज नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से लखनऊ में भेंट कर क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अवगत कराया। विधायक श्री द्विवेदी ने मंत्री से फर्रुखाबाद फतेहगढ़ युग्म नगरों के विकास के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना,पेयजल योजना, जल निकासी योजना, तालाब पोखर के सुंदरीकरण की योजना तथा नगर की विभिन्न सड़कों के निर्माण तथा मरम्मत के संबंध में व्यापक चर्चा की। श्री द्विवेदी ने मंत्री को अवगत कराया कि हम क्लीन फर्रुखाबाद ग्रीन फर्रुखाबाद बनाना चाहते हैं। जिसमें आपके सहयोग और आशीर्वाद की आवश्यकता है। मंत्री श्री शर्मा ने विधायक से कहा कि आप इन सभी योजनाओं के प्रस्ताव और कार्य योजनाएं भिजवाए।

## तमंचा दिखाकर बाइक सवार बदमाशों ने पिता, पुत्र तथा भतीजे की जेब से हजारों रुपए की लूट

संवाददाता, फर्रुखाबाद। तमंचे की नोक पर नकाब पोश बाइक सवार बदमाशो द्वारा पिता पुत्र तथा भतीजे की जेब से हजारों रुपए की लूट करने वाले अज्ञात बाइक सवार तीन लोगों के खिलाफन्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया । पीड़ित के अनुसार लूट की घटना तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद को दी गई थी तहरीर में कहा गया था ।कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय का सहारा लेना पड़ा। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र कुमार पुत्र लक्ष्मी शंकर निवासी ग्वालटोली कोतवाली फतेहगढ़ फर्रुखाबाद द्वारा माननीय न्यायालय के आदेशानुसार दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक 16 अक्टूबर 2022 को पीड़ित किसी आवश्यक कार्य से अपनी बाइक द्वारा भतीजे तथा पुत्र के साथ शमसाबाद आया था। कार्य से फुरसत होने के बाद शाम 6.00 बजे के करीब वापस जाते समय शमसाबाद फैज बाग मार्ग पर गुजरते समय एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात नकाबपोश लोगों द्वारा तमंचा लहराकर बाइक को रोका गया ।

## पैलानी बस स्टैंड स्थित जनरल स्टोर में लगी आग लाखों की संपत्ति हुई खाक

संवाददाता, बांदा पैलानी। पलानी बस स्टैंड स्थित प्रहलाद साहू की जनरल स्टोर की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई दुकान का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया है प्राप्त विवरण के अनुसार प्रहलाद साहू निवासी पलानी ने बताया कि लगभग 9.30 बजे दुकान बंद करने के बाद हम लोग घर चले गए इसके बाद अचानक मोहल्ले वासियों के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की दुकान से धुआ निकल रहा है और प्लास्टिक की गंध आ रही है इस पर आशंका व्यक्त की गई कि दुकान पर आग लगी हुई है हम लोग लौट कर आए देखा तो पूरी दुकान में धुआं भरा हुआ था जूते चप्पल जैकेट एवं दुकान का सारा सामान जल चुका था पलानी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी थी इसके बाद फायर सर्विस भी बांदा से लगभग 12रू30 बजे हां गई थी तब तक मोहल्ले वासियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका प्रहलाद साहू ने बताया यह दुकान कुछ निजी पैसों से तथा बैंक के लोन से चलाई जा रही थी सारा सामान जल जाने के बाद मेरे पास कुछ भी नहीं बचा है सुबह होने पर ग्राम वासियों की भीड़ एकत्र हो गई लोगों ने संवेदना व्यक्त की तथा प्रशासन से आर्थिक मदद की मांग की है।

## मेला महोत्सव का 23 को होगा शुभारंभ ,एक माह चलेगा मेला महोत्सव

संवाददाता, औरैया । जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने 23 जनवरी से 23 फरवरी तक जनपद में संपन्न होने वाले औरैया डिस्ट्रिक्ट एग्जिबिशन फेयर ट्रस्ट द्वारा मेला महोत्सव को भव्य एवं गरिमा पूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने के लिए बैठक का आयोजन कर उसमें आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा के संबंध में विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि मेला महोत्सव में कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आजादी दिवस, स्थानीय लोक नृत्य, विभिन्न प्रतियोगिताएं, कव्वाली आदि के कार्यक्रम उच्च स्तरीय संपन्न कराए जाये जिससे की आमजन कार्यक्रमों का आनंद ले सके।

## मेटरनिटी सेंटर में प्रसूता की मौत, हंगामा होते ही नर्स और स्टाफअस्पताल के पीछे से रस्सी के सहारे भागे

संवाददाता, इटावा। इटावा के महेवा गांव से डॉक्टरों की लापरवाही का मामला सामने आया है। मैटरनिटी सेंटर में गर्भवती महिला का सिजेरियन प्रसव कराया गया जिसके बाद उसकी तबियत बिगड़ती चली गई। डाक्टरों की लगातार अनुपस्थिति के कारण महिला की हालत खराब हो गई ।कस्बा में संचालित मां हास्पिटल मेटरनिटी सेंटर में प्रसूता की मौत होने पर डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतका के स्वजन सहित ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। इस बीच नर्स सहित स्टाफ अस्पताल के पीछे छत से रस्सी डालकर उसके सहारे उतरकर भाग निकला। सुरक्षा की दृष्टि से हास्पिटल में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। हंगामे की जानकारी होने पर तहसीलदार एके सिंह, सीओ विवेक जावला भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। सीएमओ डा. गीता राम ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी।

# भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शुरू हुई सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा

संवाददाता



महोबा। भरवारा गांव के दिनई मौजा पहाड़ स्थित श्री शंभूनाथ आश्रम के मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। धूमधाम से भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। समस्त क्षेत्रीय लोगो द्वारा आयोजित इस कलश यात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कलश शोभा यात्रा भरवारा गांव स्थित श्री राम जानकी मढ़ा मंदिर के प्रांगण से निकाली गई। शोभायात्रा में आगे घोड़ा,ढोल बाजे और इसके बाद अनुष्ठान के कथावाचक पंडित हरवंश मिश्रा शास्त्री जी महाराज के साथ यजमान अपने सिर पर भागवत गीता ग्रंथ लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा में काफी संख्या में महिला-पुरुष कीर्तन करते हुए पैदल चल रहे थे। सभी महिलाएं पूरे उत्साह के साथ सिर पर कलश लेकर चल रही थी। राम जानकी मढ़ा मंदिर पर सभी महिलाएं पहुंची यहां आचार्य की देखरेख में वैदिक मंत्रोच्चार व आम जनता के जयघोष के साथ कलश में जल भरा गया। इसके बाद महिलाएं कलश में जल लेकर कलश यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा गांव के सभी देवी मंदिरों से होते हुई दिनई मौजा पहाड़ स्थित श्री शंभूनाथ आश्रम मंदिर पहुंची।

# एसडीएम ने जन चौपाल में सुनी जनसमस्याएं, गौशाला का किया निरीक्षण

संवाददाता



चरखारी (महोबा)। शासन के निर्देश पर प्रशासन चला गांव की ओर अभियान के तहत ग्राम पंचायत कुरौरा डांग में एसडीएम स्वेता पांडेय की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम स्वेता पांडेय ने गांव की प्रमुख जन समस्याओं को सुना। एसडीएम स्वेता पांडेय ने किसानों की चकरोड,वरासत व सूखा राहत से सम्बन्धित समस्यायों का निराकरण किया। चौपाल में,राशन, आवास, पेंशन, सूखा राहत राशि से सम्बंधित समस्या का त्वरित निस्तारण किया गया,वही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं में आयुष्मान लाभ योजना से लाभान्वित जानकारी दी गई। जन चौपाल के उपरांत एसडीएम स्वेता पांडेय ने गोशाला का निरीक्षण किया जहां भूसा पानी,छाया की व्यवस्था देखी, तथा उन्होंने सर्दी के दौरान निरन्तर गोशाला में अलाव जलाए जाने के निर्देश दिए ।खुली बैठक के माध्यम से वृद्ध, निराश्रित, दिव्यांग जन पेंशन, योजना व, परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराएं जाने प्रकिया, मनरेगा कार्य में आवेदन, खाद्य सुरक्षा से संबंधित लाभ, पात्र गृहस्थी राशन कार्ड ,वरासत आदि से संबंधित मामलों की जांच की गई, चौपाल सभा में कानूनगो प्रदीप कुमार खरे, लेखपाल लक्ष्मण सिंह,प्रधान प्रमोद कुमार सिंह घोष, सचिव छत्रसाल सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

# आयुक्तमण्डलायुक्त ने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों समस्याओं की समीक्षा की



संवाददाता, बांदा । आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल बांदा आरपी सिंह की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक मयूर भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डल के जिला उद्योग बन्धु की बैठकों में उद्यमियों की समस्याओं के प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा के अन्तर्गत पाया गया कि उद्यमियों की शत-प्रतिशत समस्याओं का निस्तारण जिला स्तर पर किया गया है। मण्डलायुक्त ने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों समस्याओं की समीक्षा की, जिसमें मण्डल में निवेश मित्र पोर्टल में प्राप्त प्रकरणों के मामलों का निस्तारण समयबद्धता से कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने उद्योग विभाग के जनपदीय अधिकारियों को हमीरपुर एवं बांदा के निवेष मित्र पोर्टल के अवशेष मामलों का निस्तारण शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने बैठक में उद्यमियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में सड़क, नाली आदि का निर्माण एवं विकास कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबन्धक को गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाकर प्रत्येक दशा में शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में पानी की उपलब्धता के सम्बन्ध में प्रस्तावित योजना के अनुसार शीघ्र कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ के आस-पास असमाजिक तत्वों पर कडी कार्यवाही किये जाने हेतु एक पिकेट स्थापित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि वह अधिक से अधिक उद्योग जनपद बांदा सहित मण्डल के अन्य जनपदों में लगाये जाने हेतु उनके निवेष हेतु प्रस्ताव उपलब्ध करायें। उन्होंने जनपद चित्रकूट एवं महोबा में इनवेस्टर समिति के अन्तर्गत और अधिक उद्यमियों के द्वारा निवेष कराये जाने हेतु कार्यवाही किये जाने के निर्देश जिला उद्योग बन्धु के अधिकारियों को दिये। आयुक्त ने मण्डल के जनपदों में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद-एक उत्पाद योजना की समीक्षा की। उन्होंने सम्बन्धि जनपदों के लीड बैंक मैनेजरों को निर्देश दिये कि मण्डल में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त आवेदनों को विशेष रूप से रूचि लेकर बैंको से स्वीकृत करायें जिससे कि अधिक से अधिक लोंगो को स्वरोजगार मिल सके।

# बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 117वां वार्षिकोत्सव मनाया गया

स्व.कैप्टन बद्री प्रसाद इंटर कालेज मिलाथू बांदा में विद्यालय का 117वां वार्षिकोत्सव मनाया गया

संवाददाता



बांदा । कैप्टन बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज मिलाथू 117 वॉ जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया इस बीच संस्कृति कार्यक्रम संपन्न हुये मुख्य अतिथिकैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, सासद आरके पटेल ने कैप्टन बद्री प्रसाद की प्रतिमा मे माल्योपण कियाऔर विद्यालय को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल बांदा चित्रकूट के सांसद आरके पटेल व जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना विद्यालय की छात्राओं राधा प्रतिज्ञा ,ज्योति, शोभा,द्वारा प्रस्तुत किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम राष्ट्रीय गीत भजन लोकगीत जिसमेशराब मत पीना सीमा, सुमन, मनीषा, रेशमा मनोरमा , सध्या सहित तमाम कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि अपने आपको आम आदमी कहते हुए बात शुरू की और विद्यालय के कायाकल्प के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया और प्रधानमंत्री के नए भारत की परिकल्पनामें सरकारी नौकरी भर नही व्यापार खेलकूद जैसे क्षेत्रों में भी अग्रसर हो युवा ,सांसद आरके पटेल ने कहा महापुरुषों की कोई जाति से नहीं बन सकता है महापुरुष महापुरुष है इस क्षेत्र के विद्यालय प्रेरणा सोच है यहां इंटर तक की शिक्षा क्षेत्र के लिए को संस्थान नहीं मात्र एक-दो संस्थान में मिलाथू इंटर कॉलेज का नाम था तब विद्यालय को भव्य बनाने के साथ कायाकल्प का काम करेंगे जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा विद्यालय को हर संभव मदद करने की घोषणा कियाहै कार्यक्रम के संचालन अनूप सिंह व प्रवक्ता केदार वर्मा ने किया आये अतिथियोका स्वागत आभार प्रधानाचार्य मनोज चक्रवर्ती ने किया इस मौके पर प्रबंधक नरेन्द्र कुमार ,अध्यक्ष रामनरेश पटेल, विद्यायक ब्लाक प्रमुख रमाकान्त, अयोध्या सिह पूर्व मंत्री शिव शंकर पटेल जिला पंचायत सदस्य अरुण पटेल अपना दल के विधानसभा अध्यक्ष अरुण पटेल गजेन्द्र पटेल अरुणेश कुमार ,राम बली प्रवण सिह सन्तोष मीरा बाई जिला पंचायत सदस्य पी सी पटेल बोघगयासहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जन साहस संस्था द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




संवाददाता, बांदा । जिले के ब्लॉक बबेरू के ग्राम समगरा में जन साहस संस्था एवं आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के संयुक्त सहयोग से कार्यक्रम आयुष्मान आधार के तहत विशाल निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गयास शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान गयादीन द्वारा किया गया।

शिविर में ग्राम पंचायत से गरीब व वंचित समुदाय के मजदूरों को रक्त चाप ,एनीमिया, शुगर, प्रसव पूर्व जांच , 0 से 5 वर्ष के कुपोषित बच्चों की स्क्रीनिंग , धात्री माता, नेत्र जाँच, किशोरी बालिकाओं को गुड टच और बैड टच के बारे में और अपने स्वास्थ्य देखभाल के बारे में बताया गयास शिविर के दौरान 206 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां भी दी गई स इसके अलावा कुपोषित बच्चों के संबंध में पोषण परामर्श, गर्भवती महिलाओ, धात्री माताओं, किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गईस जन साहस संस्था के जिला समन्वयक धीरेंद्र भारती द्वारा बताया गया कि संस्था मार्च 2018 से बांदा जिले के तीन ब्लॉक में प्रवासी मजदूरों के लिए कार्य कर रही है।

# अपराध पर अंकुश लगाने के साथ कानून व्यवस्था बेहतर बनाएं : डीएम




संवाददाता, औरैया। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने मानस सभागार में अपराध, कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों को लेकर सभी एसडीएम, सीओ व थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने भूमि विवाद निस्तारण, आपसी रंजिश, अपराध रोकथाम, विवेचना निस्तारण, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबंदी की कार्यवाही, गुंडाएक्ट, जिलाबदर आदि की समीक्षा की। अपराधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न, पास्को एक्ट, हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, दहेज प्रथा आदि प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी एसपीओ व कानूनगो को निर्देश दिए कि विवेचना के निस्तारण में गलत व झूठी एफ आई आर दर्ज कराने वालों पर धारा 344 के अंतर्गत अर्थदंड के साथ-साथ तीन माह की सजा की कार्यवाही को भी अमल में लाया जाए। उन्होंने कहा कि आप सभी के द्वारा ही आपराधिक मामलों पर रोक लगाई जा सकती है और अपने दायित्वों को ईमानदारी से पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने गुंडा एक्ट पर पुलिस अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने एवं लगातार अपराध करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# क्षेत्राधिकारी ने न्यायालय परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

संवाददाता



महोबा। पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय द्वारा न्यायालय परिसर महोबा का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, इस दौरान न्यायालय की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी व मौके पर मौजूदगी की तस्दीक की गयी, साथ ही सम्पूर्ण न्यायालय परिसर में भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों को देखा गया जहां मुख्य गेटों पर लगे डीएफएमडी यानी डोर फ्रेम मेटर डिटेक्टर व अन्य अत्याधुनिक उपकरणों को चेक किया गया । क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा न्यायालय सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को सख्त हिदायत देते हुये निर्देशित किया गया कि अनावश्यक मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें पूरी सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें साथ ही संदिग्धों की लगातार चेकिंग करने तथा अनावश्यक रुप से किसी को प्रवेश न देने, न्यायालय परिसर के अन्दर व्यक्तियों को इकट्ठा होकर जमावडा न बनाने देने, किसी भी रुप में अनावश्यक वाहनों को प्रवेश न दिया जाये, प्रत्येक व्यक्ति को नियमानुसार चेकिंग के उपरान्त ही प्रवेश दिया जाये इत्यादि आवश्यक निर्देश प्रभारी न्यायालय सुरक्षा को दिये ।

# यातायात माह को लेकर परिवहन विभाग ने चलाया अभियान, काटे चालान

संवाददाता



औरैया। प्रदेश सरकार के निर्देश पर शुरू हुए सड़क सुरक्षा माह को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें परिवहन विभाग ने बुधवार को शहर के इटावा रोड पर पेट्रोल पंप के समीप अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बिना हेलमेट तथा बिना सीट बेल्ट लगाए चालकों के चालान काटे।

शहर के इटावा रोड पर परिवहन विभाग की पीटीओ रेहाना बानो के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा माह के तहत अभियान चलाया गया। जिसमें दो पहिया वाहनों के चालकों को हेलमेट लगाकर चलने की नसीहत दी गई जबकि चार पहिया वाहनों के चालकों से सीट बेल्ट का प्रयोग किए जाने की बात कही गई। रेहाना बानो ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को इस अभियान के दौरान 4 वाहनों के चालान काटे गए। उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वह लोग वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें इससे दुर्घटनाएं हो सकती हैं। वहीं उन्होंने सभी से यातायात नियमों का पालन किए जाने की भी अपील की। वहीं कुछ लोग अपने वाहन पर हेलमेट लेकर जा रहे थे तो उन्हें रोककर उनको हेलमेट भी पहनाए गए। अभियान चलता देख वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ था।

# इंडियन बैंक ग्राहकों को किया जागरूक




संवाददाता

लहरपुर सीतापुर। इंडियन बैंक लहरपुर द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया , जिसमें लहरपुर मजा शाह से लेकर नगर पालिका मार्केट तक बैंक के विभिन्न उत्पादों जैसे कि इंड शक्ति डिपोजिट स्कीम, इंडोसिस ऐप मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग क्यू आर कोड, बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई एवम ग्राहकों को इन योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए जागरूक किया गया।

इस अवसर पर शाखा प्रबंधक मोहित तिवारी से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि नगर के प्रमुख व्यवसायियों से बात की एवम बैंक के साथ जुड़े हुए ग्राहकों से भी बात की व रैली के उद्देश्य से उन्हें अवगत कराया। इस रैली में बैंक शाखा से चंद्रकिशोर, राहुल कुमार गौतम, रोहित वर्मा, संदीप यादव, दीपक वाल्मीकि, बैंक मित्र अर्पित मिश्र, विजय, रामू, ओमकार रोहित व रामकुमार उपस्थित रहे।

# सेवा और संकल्प ही संगठन का मूल मंत्र : पूर्व विधायक राजाराम त्यागी

संवाददाता



रायबरेली। शीतलहर के प्रकोप से आम जनमानस जहां परेशान हैं वहीं दूसरी ओर वह तबका जो संसाधन विहीन हैं उनके बीच जाकर भाजपा के पूर्व विधायक पूर्व प्रत्याशी व कार्यकर्ताओं ने कंबल बांटने का काम किया । शहर के जैतपुर क्षेत्र मे बछरावां के पूर्व विधायक रहे राजाराम त्यागी और नगर पालिका चेयरमैन पद के पूर्व प्रत्याशी रहे इं.विजय रस्तोगी ने पहुंचकर कंबल वितरित किए। पूर्व विधायक राजाराम त्यागी ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य सबका सबका साथ और सबका विकास है । संगठन का मूल मंत्र सेवा और संकल्प है ।उसी के आधार पर चलते हुए समस्त कार्यकर्ता आम जनमानस की सेवा में लगे रहते हैं। उन्होंने कंबल वितरण को भी इसी मूल मंत्र से जोड़ते हुए बताया कि संगठन के कार्यकर्ता जो सक्षम है वह समाज के उस वर्ग को सहारा देने का काम करते हैं जो उसके पात्र हैं । पूर्व प्रत्याशी इं. विजय रस्तोगी लगातार कंबल वितरित करने का काम कर रहे हैं। जैतूपुर में कंबल वितरित करने के दौरान उन्होंने कहा कि उनका यह काम निरंतर जब तक ठंड है जारी रहेगा क्योंकि हमारा यह दायित्व है कि हम अपने अधीनस्थ क्षेत्रवासियों को संरक्षित करें और उन्हें व्यवस्थित करें ताकि वह अपने को समाज से पृथक महसूस न करें ।

## संक्षिप्त समाचार

### पंचायत सचिव के बिगड़े बोल, इन्हे नही रहा प्रशासन का खौफ

संवाददाता, ऊंचाहार /रायबरेली ।विकासखंड रोहनिया में कार्यरत पंचायत सचिव अंकित गुप्ता के कारनामों का मामला प्रकाश में आया है। वर्षों से कार्यरत पंचायत सचिव अब अपनी मनमानी करने में कुछ ज्यादा ही दिलचस्पी रखते हैं ।इन्हें शासन-प्रशासन का कोई खौफनहीं है ।बताते चलें कि वर्तमान समय में ग्राम सभा छतौना मरियानी में इंटरलॉकिंग का कार्य चल रहा है ।जिसमें घटिया किस्म की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है ।इस संबंध में जब पंचायत सचिव अंकित गुप्ता से जानकारी लेनी चाही तब इन्होंने बात करने से इंकार कर दिया और बड़े ही एटीट्यूड में जवाब दिया कि शाम को बात करेंगे अभी फोन रखो ।ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन्हें प्रशासन का कोई डर नहीं है ।पंचायत सचिव अंकित गुप्ता ग्राम सभाओं में होने वाले कार्यों में बंदरबांट करने में बड़े माहिर हैं ।जिससे वह किसी को भी जवाब देना उचित नहीं समझते हैं ।विगत वर्षों में रोहनिया विकासखंड के अंतर्गत जितने भी ग्राम सभाओं का कार्यभार सौंपा गया है ।उन ग्राम सभाओं में कराए गए कार्यों की जांच की जाए तो कई कार्य ऐसे भी मिलेंगे जोकि दस्तावेजों में दर्ज है लेकिन धरातल पर वह कार्य नही हुए है ।

### ठंड का कहर बाहर धूप ले रहे बुजुर्ग के सिर पर पेड़ की टहनी गिरने से हुई मौत

संवाददातारायबरेली।के नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे मिताई बभनपुर के पुरवा का है जहा के रहने वाले बुजुर्ग रामेश्वर चौहान उम्र 60 वर्ष कड़ाके की ठंड भरे कोहरे में थोड़ी देर के लिए धूप निकलने पर घर के बाहर पेड़ के नीचे बैठे कर धूप ले रहे थे कि तभी एकाएक हवा चलने पर पेड़ की टहनी से एक डाल टूट कर बुजुर्ग के सिर पर गिरी जिससे बुजुर्ग घायल हो गया आनन-फानन में परिजनों ने नसीराबाद सीएससी लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने बुजुर्ग की हालत गंभीर देख उसे रायबरेली के जिला अस्पताल रिफर कर दिया जहां जिला अस्पताल लाने पर बुजुर्ग की मौत हो गई। वही मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

### उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद में लगातार तापमान में गिरावट देखी जा रही है

संवाददाता, सीतापुर। मौसम विभाग द्वारा आशंका व्यक्त की गयी है कि आगामी कुछ समय तक शीत लहर का प्रकोप बना रहेगा ऐसे मौसम में किसान भाइयों को स्वयं का ठण्ड से बचाव करते हुए स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए, साथ ही अत्यधिक ठण्ड से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाया जाना चाहिए। तापमान में लगातार गिरावट से पाले के प्रति अति संवेदनशील फसलें जैसे अरहर, चना, मटर, मसूर, मिर्च, सरसों, धनिया टमाटर, बैगन, आलू तथा अन्य सागभाजी आदि ज्यादा प्रभावित होती है। दिसंबर माह के मध्य से फरवरी माह में पाला पड़ने की अधिक सम्भावना होती है। रात में फसलों के पेड़ व पत्तियों में जो ओस की बूंदे रात में पड़ती हैं तापमान ज्यादा गिरने से यहीं ओस की बूंदे बर्फमें बदल जाती है, जिससे पौधों एवं पत्तियों के छिद्र (स्टोमेरा) बंद हो जाते है। पौधे और पत्तियां सांस लेना बंद कर देते हैं तथा धीरे-धीरे सूखने लगती है। इसी प्रक्रिया को पाला कहते है।

### अवैध तमंचे के साथ डांस करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता, महोबा। थाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम किडारी में एक व्यक्तिगत कार्यक्रम के दौरान एक युवक द्वारा अवैध तमंचे के साथ डांस किया गया था, जिसका वीडियो को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में वायरल हुआ जिस पर जनपदीय पुलिस मीडिया सेल द्वारा प्रकरण में तत्काल संज्ञान लेते हुये प्रकरण के संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया साथ ही प्रकरण की जांच व संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना स्थानीय पुलिस टीम को निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह के निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 विवेक यादव व कां0 शिवबाबू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सम्बन्धित अभियुक्त निखिल राजपूत पुत्र बृजेन्द्र राजपूत उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम किडारी थाना कोतवाली नगर को थाना क्षेत्रअन्तर्गत किडारी मोड़ के पास तलाब की सीढियों में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य वाहनों पर लगवाये गए रिफ्लेक्टर

संवाददाता, महोबा। पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात हर्षिता गंगवार व एआरटीओ सुरेश वर्मा के निकट पर्यवेक्षण में सर्दियों में घने कोहरे के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने हेतु यातायात प्रभारी निरीक्षक शिवपाल सिंह के नेतृत्व में जनपदीय यातायात पुलिस एवं आरटीओ महोबा द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर मालवाहक वाहनों एवं ट्रैक्टर ट्राली पर रिफ्लेक्टर लगवाया जा रहा है जिसके क्रम में जनपद में वाहनों पर रिफ्लेक्टर टैप लगाए गए एवं सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु जागरूक किया गया ।

# शास्त्री जी की सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी ने उन्हें महान बनाया : मुकेश रस्तोगी

## समाजवादी व्यापार सभा के तत्वाधान में मनायी गई पुण्य तिथि

संवाददाता



रायबरेली। भारत के द्वितीय प्रधानमन्त्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि समाजवादी व्यापार सभा के तत्वाधान में कैम्प कार्यालय में लाल बहादुर शास्त्री स्मृति दिवस के रूप में मनायी गई । इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया ।गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष एवं प्रान्तीय व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी ने कहा कि शास्त्री जी 9 जून 1964 को देश के दूसरे प्रधानमन्त्री के रूप में पदभार ग्रहण किया । उनके शासनकाल में 1965 का भारत- पाक युद्ध शुरू हो गया ।इस दौरान शास्त्री जी ने जय जवान-जय किसान का नारा दिया ।उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी ने उन्हें और महान बना दिया ।इसी वजह से उन्हें मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मानित किया गया। प्रान्तीय सपा नेता ओपी यादव एडवोकेट ने कहा कि ताशकन्द में समझौता वार्ता के दौरान शास्त्री जी की एक ही जिद थी कि उन्हें बाकी सब शर्ते मंजूर हैं, परन्तु जीती हुई जमीन पाकिस्तान को लौटाना मंजूर नहीं काफी जदोजिहाद के बाद शास्त्री जी ने समझौते के दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर दिए, परन्तु यह कहते हुए हस्ताक्षर किये थे कि वे हस्ताक्षर जरूर कर रहे हैं, पर यह जमीन कोई दूसरा प्रधानमन्त्री ही लौटायेगा, वे नहीं। हस्ताक्षर के कुछ घण्टे बाद शास्त्री जी की 11 जनवरी 1966 को मृत्यु हो गयी । स्वर्णकार विचार मंच के मण्डल अध्यक्ष पूर्व प्रधान भौमेश कुमार सोनी ने कहा कि उ0प्र0 के गोविन्द बल्लभ पंत के मंत्रिमण्डल में उन्हें पुलिस एवं परिवहन मन्त्रालय सौपा गया, उन्होनें प्रथम बार महिला संवाहकों की नियुक्ति की थी। नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि पुलिस मंत्री होने के बाद उन्होनें भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारम्भ कराया। सम्राट अशोक क्लब भारत के जिला संयोजक एस.एन. मौर्य ने कहा कि शास्त्री जी ने अंग्रेजों ने भारत छोड़ो आन्दोलन 9 अगस्त से 11 दिन तक भूमिगत रहते हुए चलाया और 19 अगस्त 1942 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिये गये । छात्र नेता अनुज यादव बरवारी ने कहा कि भारत सरकार को चहिए कि वह ताशकंद समझौता के तुरन्त बाद शास्त्री जी की मौत के रहस्य का पर्दाफास करे। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुन्ना सिंह चौहान, मो0 मुशीर, राम प्यारे गौतम, मो0 फुरकान, सुशील कुमार मौर्य, पवन अग्रहरि , प्रदीप पटेल, सत्यांशु दुबे , फूलचन्द्र अग्रहरि आदि लोगों ने शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 नफर अभियुक्त को चोरी की बैटरी व चोरी के 520 रूपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया




संवाददाता

पलियाकलां खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना तिकुनियां पुलिस द्वारा गुरुनानक तिराहे से समय 10.40 बजे अभियुक्त इस्लाम खां पुत्र नजीर खां निवासी सुथना बरसोला थाना तिकनियां जनपद खीरी उम्र करीब 23 वर्ष को सम्बन्धित मु0अ0सं0 003/23 धारा 379/411 भादवि व गु0अ0सं0 322/22 धारा 457/380 भादवि से सम्बन्धित मय एक अदद बैट्री व 520 रूपये के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। विवरण बरामदगी 01 अदद बैट्री सम्बन्धित मु0अ0सं0 003/23 धारा 379/411 व 520 रूपये सम्बन्धित मु0अ0सं0 322/22 धारा 457/380 भादवि। गिरफ्तार करने वाली टीम मे उ0नि0 फरीद खान कोतवाली तिकुनियाँ जनपद खीरी,का0 शिव कुमार शामिल रहे।

# ए0एच0टी0यू0 खीरी द्वारा,कवच योजना के तहत जन जागरूकता अभियान गया चलाया

संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना गौरीफंटा क्षेत्र मे कवच योजना के तहत भारत नेपाल सीमा पर लगी एसएसबी व एनजीओ और बॉर्डर के ग्राम सूडा बूडा ,सिंघिया, पिपरौला बनकटी बजाही के गांवों मे जाकर पुलिस अधीक्षक खीरी संजीव सुमन के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षकध्नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में ए0एच0टी0यू0 में नियुक्त प्रभारी निरीक्षक जैनेंद्र कुमार , का0 राजेश कुमार , महिला आरक्षी नीरज गिल, महिला आरक्षी सीमा सिंह चौहान ,थाना गौरीफंटा से उपनिरीक्षक विनोद अवस्थी कांस्टेबल शिवम, यस यस बी कोमल यादव चाइल्ड लाइन इंद्र कुमार अवस्थी, अंजलि मौर्या मानव सेवा संस्थान महेश राणा काउंसलर देवेंद्र ,रामप्रवेश, सपना, नाजिमा की सयुक्त टीम द्वारा बाल श्रम बाल भिक्षावृत्ति व मानव तस्करी बचपन बचाओ अभियान बाल विवाह इंडो नेपाल सीमा पर बसे गांव सूडा बूडा ,सिंघिया, पिपरौला बनकटी बजाही के गांव मे तथा बॉर्डर पर लगे एसएसबीके बीओपी पर लगे जवानों से और भारत नेपाल के एनजीओ से संपर्क सूत्र आदान वार्ता कर दूरभाष का आदान प्रदान व जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

# युवक की हत्या करने के आरोपी तीन अभियुक्तों को पुलिस ने चालान कर न्यायालय में किया पेश

संवाददाता




मैलानी खीरी। मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम सुरजनपुर निवासी एक युवक की हत्या करने के आरोपी तीन अभियुक्तों को पुलिस ने चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला के द्वारा परिजनों को काफी समझाने के बाद मृतक अजय का अंतिम संस्कार दूसरे दिन मंगलवार को हो सका।पुलिस ने बताया कि मृतक अजय के पिता धनराज निवासी ग्राम सुरजनपुर द्वारा थाना मैलानी पर बीती 7 जनवरी को अपने पुत्र की गुमशुदगी पंजीकृत कराई गयी थी जिसमें दो युवकों पर उसे अपहरण कर कहीं ले जाने का शक जाहिर किया गया था।पुलिस द्वारा आरोपी युवक संजय एवं सूरज से सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों की निशानदेही पर बीती 8 जनवरी को गुमशुदा अजय का क्षत- विक्षत शव थाना भीरा क्षेत्र शारदा नदी निकट ग्राम दौलतापुर से बरामद हुआ था।विवेचना के दौरान तीसरे अभियुक्त पुरुषोत्तम मोर्ये पुत्र आन्नद कुमार मोर्य निवासी वार्ड नंबर 1 कस्बा व थाना मैलानी का नाम प्रकाश में आया था,अभियुक्तों द्वारा पुलिस को बताया गया था हम लोग आपस में पक्के दोस्त थे और पुरुषोत्तम मौर्य के भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम दोलतापुर में मजदूरी करने के लिए गए थे,6 जनवरी की रात सभी दोस्तों ने शराब पी एवं खेत पर काम करने चले गए ट्रैक्टर सूरज चला रहा था, ट्रैक्टर पर चढ़ने के दौरान अजय का पैर फिसल गया जिस कारण अजय के ऊपर ट्रैक्टर व रोटवेटर चढ जाने से उसकी मृत्यु हो थी।अभियुक्तों में अजय की मौत से भय व्याप्त होने के कारण उन लोगों द्वारा अजय के शव को रोटवेटर पर लादकर एकराय होकर शारदी नदी मे फेक दिया गया था। परिजनों द्वारा उक्त अभियुक्तों द्वारा अजय की हत्या करने की तहरीर दी गई थी।अभियुक्त संजय कुमार पुत्र सुखलाल उर्फ कोतवाली,सूरज कुमार पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम सुरजनपुर थाना मैलानी, पुरूषोत्तम मौर्या पुत्र आनन्द कुमार मौर्या निवासी वार्ड नम्बर एक,मैलानी खीरी को मुखबिर की सूचना पर दोपहर 1. 30 बजे के करीब गिरफ्तार किया गया। गोला पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि वादी द्वारा हत्या करने की तहरीर दी गई थी मगर पकड़े गए आरोपियों के ऊपर मृतक अजय की हत्या करने का कोई ठोस कारण ना मिलने के कारण गैर इरादतन हत्या एवं साक्ष्यो को छुपाने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उनका चालान कर दिया गया है।

# चोरी की मोटरसाइकिल एवं अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता, मैलानी खीरी।थाना मैलानी पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल एवं अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर एक अभियुक्त को जेल भेजा।संसारपुर चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त नियामुत हुसैन पुत्र रियाजत हुसैन निवासी ग्राम कुकरा थाना मैलानी जनपद खीरी को छोटी नहर पुल वहद ग्राम बेलहिया से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी की गयी मोटरसाइकिल सुपर स्पलेन्डर संख्या यू पी 31बी जे 5884 एवं 1 अदद अवैध तमन्चा 315 बोर का मय 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया,गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेज दिया गया है।




# थाना मछरेहटा पुलिस द्वारा 01 नफर वाछित अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता

सीतापुर। युनुस पुत्र सद्दीक नि0ग्राम रामपुर मजरा पहाड़पुर थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर उम्र करीब 23 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0 388/22 धारा 498ए/304बी/323/342 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर को मन्दिर के पास सराय नदी पुल जलालपुर रोड़ पर से गिरफ्तार किया गया । जिसे मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।गिरफ्तार करने वाले अधि0/कर्म0गण के नाम 1. उ0नि0




ओमप्रकाश सोनकर 2. हे0का0 बालेन्द्र बहादुर सिंह 3. हे0का0 राजकमल मौर्य थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर ।

# जिला परिषद मार्केट की छत पर मिला अधेड़ का शव

संवाददाता



बछरावां रायबरेली। नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित जिला परिषद मार्केट के ऊपर लावारिस हालात में अर्ध विक्षिप्त अधेड़ का शव मिला है। शव मिलने पर पूरी मार्केट में हड़कंप मच गया। वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्ध विक्षिप्त अधेड़ पुत्ती लाल अपने घर को छोड़कर कई वर्षों से जिला परिषद मार्केट में ऊपर अपना आशियाना बनाए हुए था । लोगों के अनुसार अपने परिवार को छोड़कर मृतक जिला परिषद मार्केट के ऊपर रात में सो भी जाता था। वर्तमान समय में लगभग एक पखवाड़े से चल रहे भयंकर शीतलहर में शायद वह ठंड का शिकार हो गया। जिला परिषद मार्केट के लोगों को जानकारी उस समय हुई जब वह किसी काम से ऊपर गए हुए थे। मृतक पुत्ती लाल के शव को देखकर यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि लगभग 3 से 4 दिन पूर्व मौत हुई है। घटनाक्रम की जानकारी मार्केट के लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फराम जी को दी। जानकारी मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर इसकी जानकारी बछरावां थाना अध्यक्ष नारायण कुशवाहा को दी। पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची मृतक पुत्ती लाल के परिवारी जन जो पटेल नगर में रहते हैं उनको सूचना दी गई। वहीं खबर लिखे जाने तक मृतक के परिवारी जन मौके पर नहीं पहुंचे थे।

# आर्यावर्त बैंक के चोरों ने काटें ताले, हैदराबाद पुलिस की रात्रि गस्त को चोरो ने दिखाया ठेगा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम छत्तीपुर स्थित आर्यावर्त बैंक मे बीती रात चोरों ने गैस कटर से ताले काट दिए जाने के उपरांत चोरी करने में असफल रहे। मामले की रिपोर्ट बैंक प्रबंधक ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध दर्ज कराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम छत्तीपुर में स्थित आर्यावर्त बैंक के 9 जनवरी को बंद होने के उपरांत रात में चोरों




ने गैस कटर से मुख्य गेट के ताले काट दिये। बैंक के अन्दर चोरो के न घुस पाने से चोर चोरी करने में असफल रहे। ताले काटने के बाद किसी के आने की आहट सुनकर चोर मौके से भाग निकले। सुवह बैंक कर्मी बैंक पहुंचे ।ताले काटें हुए मिलने पर बैंक कर्मियों में हड़कंप मच गया। इस घटना की जानकारी मिलने पर बैंक प्रबंधक ने हैदराबाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की रिपोर्ट आर्यावर्त बैंक प्रवन्धक सीमा ने हैदराबाद पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस घटना के सम्बन्ध में हैदराबाद थाना प्रभारी चन्द्र भानु यादव ने बताया कि बैंक में चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया था। लेकिन चोर चोरी करने में असफल रहे। और पुलिस का हुटर बजते ही चोर भाग गये।बैंक के चार ताले काटें गए है पुलिस ने कहा सीसीटीवी कैमरा देखे जाऐ गे चोरो को तलाश किया जा रहा है। आर्यावर्त बैंक प्रबंधक सीमा की तरह से अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# मुझे खुद को किसी के सामने साबित करने की जरूरत नहीं है : कप्तानी पर उठते सवालों पर बोले बाबर




एजेंसी, घरेलू टेस्ट सत्र में एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाने वाले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पर उनकी कप्तानी को लेकर सवालों की बौछार की गई। न्यूजीलैंड के खिलाफवनडे श्रृंखला से पहले मीडिया से मुखातिब बाबर से एक पत्रकार ने पूछा कि क्या पिछले साल से घरेलू रिकॉर्ड खराब होने के कारण वह टेस्ट कप्तानी छोड़ने की सोच रहे हैं। इस पर बाबर ने कहा ,'' मुझे लगता है कि टेस्ट मैच खत्म हो चुके हैं और अब हमें सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलनी है। उसके बारे में ही सवाल पूछें।'' कप्तानी को लेकर फिर उठे सवाल पर उन्होंने कहा ,'' मुझे खुद को किसी को साबित करने की जरूरत नहीं है। मुझे पता है कि मैं क्या कर रहा हूं।

मेरा फोकस पाकिस्तान के लिये अच्छा खेलने पर है।'' उन्होंने कहा ,'' सीमित ओवरों के क्रिकेट में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है और न्यूजीलैंड के खिलाफभी उस लय को कायम रखना चाहते हैं। न्यूजीलैंड बहुत अच्छी टीम है और दोनों टीमों के लिये यह कठिन श्रृंखला होगी।'' उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के चयन को लेकर अंतरिम मुख्य चयनकर्ता शाहिद अफरीदी से उनका कोई मसला नहीं है। उन्होंने कहा कि वह और मुख्य कोच अपनी राय देते हैं और बैठकों में अपनी रणनीति से भी चयनकर्ताओं को अवगत कराते हैं।'' न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि हालात देखकर ही वह इस श्रृंखला को लेकर टीम की रणनीति तय करेंगे। उन्होंने कहा ,'' हमारे कुछ खिलाड़ी यहां पहली बार खेल रहे हैं जिनके लिये यह नया अनुभव होगा और उन्हें हालात के मुताबिक ढलना होगा।

# दुर्भाग्यपूर्ण है कि इशान को नहीं खिला पाएंगे- रोहित गिल को अधिक मौके देने के पक्ष में




एजेंसी, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्पष्ट किया कि पिछले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने के बावजूद इशान किशन को अभी टी20 अंतरराष्ट्रीय में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की तरह अपने मौकों के लिए इंतजार करना होगा। भारत को अगले दो हफ्ते में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ छह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खेलने है जिसमें से पहला मैच यहां मंगलवार को खेला जाएगा। इशान ने पिछले महीने चटगांव में बांग्लादेश के खिलाफ 131 गेंद में 210 रन की पारी खेलकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था जबकि सूर्यकुमार ने कुछ दिन पहले ही अपनी 43वीं पारी में तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा। लेकिन रोहित ने स्पष्ट किया कि शुभमन गिल (नाम लिया) और श्रेयस अय्यर (संकेत दिए) को इन छह मैच में अधिक मौके मिलेंगे। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व कहा, ''दोनों सलामी बल्लेबाजों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन दोनों सलामी बल्लेबाजों के प्रदर्शन को देखते हुए यह उचित होगा कि हम गिल को अच्छा प्रदर्शन करने का मौका दें।'' गिल के प्रदर्शन में निरंतरता रही है जो उनके पक्ष में रही। उन्होंने 13 पारियों में 57 से अधिक के औसत से 687 रन बनाए हैं और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 99 से अधिक रहा है। तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय दोहरे शतक जड़ने वाले एकमात्र बल्लेबाज रोहित ने कहा, ''गिल ने पिछले कुछ मुकाबलों में काफी रन बनाए हैं, इशान ने भी ऐसा किया है। मैं उससे (इशान से) श्रेय नहीं लेना चाहता। उसने हमारे लिए शानदार प्रदर्शन किया, दोहरा शतक बनाया। और मुझे पता है कि दोहरा शतक जड़ने के लिए क्या करना पड़ता है, यह शानदार उपलब्धि है।'' उन्होंने कहा, ''पहले अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के प्रति ईमानदार होते हुए हमें कोई भी फैसला करने से पहले इन खिलाड़ियों को पर्याप्त मौके देने होंगे।'' इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए रोहित ने कहा कि इशान को भी मौके मिलेंगे क्योंकि टीम को अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप से पहले 15 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और एशिया कप में खेलना है। रोहित ने कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम इशान को नहीं खिला पाएंगे। पिछले आठ-नौ महीनों में हमारे लिए चीजें जैसी रही हैं और हमारे लिए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय जैसे रहे हैं उसे देखते हुए गिल को मौका देना उचित होगा और उस क्रम पर उसने बेहद अच्छा प्रदर्शन किया है।'' रोहित ने हालांकि आश्वासन दिया कि इशान योजनाओं का हिस्सा बने रहेंगे। रोहित ने स्पष्ट किया कि फॉर्म महत्वपूर्ण है लेकिन प्रारूप भी और इसलिए उन्होंने बिना नाम लिए संकेत दिया कि श्रेयस अय्यर को अंतिम एकादश में मौका मिलेगा। भारतीय कप्तान ने कहा, ''जिन खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया है उन्हें मौका मिलेगा। यह सामान्य सी बात है। कभी कभी हम जब अलग प्रारूपों में खेलने वाले खिलाड़ियों की तुलना करते हैं तो चीजें मुश्किल हो जाती हैं। मैं फॉर्म को समझता हूं। फॉर्म महत्वपूर्ण है और साथ ही प्रारूप भी।'' ऋषभ पंत के कार हादसे का शिकार होने से काफी पहले ही तय कर लिया गया था कि लोकेश राहुल को एकदिवसीय प्रारूप में विकेटकीपर की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी जिससे कि वह विश्व कप से पहले पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए टीम में अपनी जगह बचा पाएं। सूर्यकुमार ने श्रीलंका ने खिलाफ राजकोट में तीसरे और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय में 51 गेंद में नाबाद 112 रन की पारी खेलकर भारत की 91 रन जीत में अहम भूमिका निभाई थी जिससे टीम ने श्रृंखला 2-1 से जीता। रोहित ने कहा कि जिन भी खिलाड़ियों ने मुश्किल हालात में रन बनाए हैं उन्हें मौका दिया जाएगा। भारत को 15 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में से नौ अगले तीन महीने में श्रीलंका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया (तीनों के खिलाफ तीन-तीन) के खिलाफ खेलने हैं जिसके बाद खिलाड़ी अपनी आईपीएल टीम से जुड़ेंगे। विश्व कप से पहले भारत को वेस्टइंडीज का दौरा करना है और स्वदेश में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना है। दोनों श्रृंखला में तीन-तीन मैच होंगे। सितंबर में एशिया कप भी होगा जिसका स्थल अभी तय नहीं है।

# (एआईएफएफ) ने पहली बार रैफरी और सहायक रेफरी के लिए उठाया ये कदम, विजन 2047 के तहत लिया फैसला

एजेंसी, नयी दिल्ली। भारतीय फुटबॉल में पहली बार एलीट मैच अधिकारियों (रैफरी और सहायक रैफरी) को पूर्णकालिक अनुबंध दिए गए हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और उसके व्यावसायिक साझेदारों के संयुक्त निवेश के तहत 'विजन 2047' के खाके के अंतर्गत एलीट रैफरी विकास योजना (ईआरडीपी) का लक्ष्य भारतीय फुटबॉल पारिस्थितिकी तंत्र को रैफरियों के लिए व्यावहारिक करियर विकल्प बनाना है। पहले समूह में आठ रैफरी और इतने ही सहायक रैफरी को शामिल किया गया है। पेशेवर मैच अधिकारियों के अगले समूह की घोषणा 2024 में होगी। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि फुटबॉल का मुकाबला रैफरी के बिना आयोजित नहीं किया जा सकता है और इसलिए यह हमारे लिए मुख्य फोकस का क्षेत्र है। रैफरी को पूर्णकालिक नियुक्ति देकर हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें सही प्रकार का प्रशिक्षण, समर्थन और वित्तीय सुरक्षा मिले।'' उन्होंने कहा कि इस तरह का कदम पेशे को प्रोत्साहित करेगा, उम्मीद है कि इससे रैफरी बनना आकर्षक होगा और अधिक लोगों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा, विशेषकर जमीनी स्तर पर।

# दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन प्रीटोरियस ने लिया संन्यास




एजेंसी, जोहान्सबर्ग। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने सोमवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन प्रीटोरियस ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद से, 33 वर्षीय खिलाड़ी ने तीनों प्रारूपों 30 टी20, 27 वनडे और तीन टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया। वह 2019 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप और 2021 टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा थे। प्रिटोरियस ने एक बयान में कहा, कुछ दिनों पहले, मैंने अपने क्रिकेटिंग करियर के सबसे कठिन फैसलों में से एक लिया। मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी रूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है। बड़े होकर, मेरे जीवन का एकमात्र लक्ष्य प्रोटियाज के लिए खेलना था। मुझे नहीं पता था यह कैसे होने जा रहा था, लेकिन भगवान ने मुझे प्रतिभा और सफल होने के लिए एक गंभीर इच्छाशक्ति दी। बाकी उसके हाथों में था। मैं अपना ध्यान टी20 और अपने बाकी के करियर के लिए अन्य छोटे प्रारूपों में लगा रहा हूं। उन्होंने कहा, संन्यास लेने के बाद एक खिलाड़ी के रूप में टी20 लीगों में खेलने में मदद मिलेगी। ऐसा करने से, मैं अपने करियर और पारिवारिक जीवन में बेहतर संतुलन बना सकूंगा। प्रिटोरियस ने अपनी अंतरराष्ट्रीय यात्रा के दौरान अपने सभी साथियों को भी धन्यवाद दिया, मैं जितने भी खिलाड़ियों के साथ और खिलाफखेला हूं उन सभी खिलाड़ियों का मेरे करियर पर प्रभाव पड़ा है। केवल एक या दो को उजागर करना इतना मुश्किल है क्योंकि बहुत सारे खिलाड़ी हैं जिन्होंने एक प्रभाव डाला, उन सभी को मैं धन्यवाद देना चाहता हूं।

# शनाका ने कहा कि हमें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना है




एजेंसी, श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने सोमवार को कहा कि वह भारत के खिलाफ हाल में संपन्न टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान दे रहे हैं और मंगलवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में कड़ी चुनौती पेश करेंगे। श्रीलंका पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय को जीतने के करीब पहुंचा था लेकिन उसे दो रन से हार का सामना करना पड़ा। टीम ने दूसरे टी20 में भारत को 16 रन से हराया। राजकोट में तीसरे और अंतिम टी20 में हालांकि सूर्यकुमार यादव के तूफानी शतक ने भारत के श्रृंखला 2-1 से जीतने की नींव रखी। शनाका ने एकदिवसीय श्रृंखला की पूर्व संध्या पर कहा, ''पिछले कुछ समय में दक्षिण अफ्रीका के अलावा कोई भी टीम भारत में जीत दर्ज नहीं कर पाई है। हमने मुंबई में कड़ी टक्कर दी थी लेकिन वे मजबूत बनकर उभरे, हमें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने की जरूरत है।'' अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत पर जोर देते हुए शनाका ने कहा, ''यह श्रीलंका के लिए महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है क्योंकि यहां भारत में विश्व कप होना है इसलिए इस श्रृंखला को लेकर उत्साहित हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह काफी अच्छी तैयारी होगी क्योंकि परिस्थितियां समान होंगी। खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं, उन्हें इस टूर्नामेंट का महत्व पता है।'' श्रीलंका के कप्तान ने टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 187.87 के स्ट्राइक रेट से अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 124 रन बनाए। उन्होंने कहा, ''यहां आने से पहले मैं अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था, अधिक अभ्यास किया, भारत के खिलाफ अच्छा खेलना बेहद महत्वपूर्ण है।'' श्रीलंका के कप्तान का मानना है कि यह बड़े स्कोर वाला मैच होगा। उन्होंने कहा, ''हमने विकेट देखा है और यह बड़े स्कोर वाला मुकाबला लग रहा है।

# 'लकी लूजर' अमांडा एनिसिमोवा ने एडीलेड में पहले दौर में जीत दर्ज की



एजेंसी, एडीलेड। अमेरिका की 'लकी लूजर' अमांडा एनिसिमोवा ने रूस की लियुडमिला सैमसोनोवा को 7 . 5, 6 . 3 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल के पहले दौर में जीत दर्ज की। पिछले साल विम्बलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंची एनिसिमोवा फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल भी खेल चुकी हैं। विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर काबिज इस खिलाड़ी को क्वालीफायर के द्वारा टूर्नामेंट में प्रवेश मिला है। पिछले सप्ताह एडीलेड इंटरनेशनल के पहले दौर में वह चौथी वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से हार गई थी जिसके कारण उसे इस सप्ताह मुख्य ड्रॉ के लिये क्वालीफाई करना पड़ा। पुरूष वर्ग में अमेरिका के टॉमी पॉल ने आस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओकोनेल को 6 . 4, 7 . 5 से हराया।

# रोहित ने कहा कि मैंने टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप को छोड़ने का फैसला नहीं किया है




एजेंसी, भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उनकी 'टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को छोड़ने' की कोई योजना नहीं है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों की मानें तो बोर्ड चाहता है कि 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए हार्दिक के नेतृत्व में एक युवा टीम तैयार की जाए। श्रीलंका के खिलाफहाल ही में खत्म हुई टी20 श्रृंखला के लिए रोहित, पूर्व कप्तान विराट कोहली और अनुभवी लोकेश राहुल को छोटे प्रारूप की टीम में शामिल नहीं किया गया था। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा, '' हमें छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं, इसमें से तीन खत्म हो गये है। हमें इन खिलाड़ियों पर आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) तक नजर रखने की जरूरत है। आईपीएल के बाद देखेंगे क्या होगा। लेकिन निश्चित तौर पर मैंने किसी प्रारूप को अलविदा कहने का मन नहीं बनाया है।'' रोहित 'पीटीआई-भाषा' के सवाल के जवाब में कहा, '' यह 50 ओवर के विश्व कप का साल है और मुझे लगता है कि यह पहले से साफ है (विश्व कप के प्रारूप के हिसाब से तैयारी)।

और कई खिलाड़ियों का सभी प्रारूप में खेलना संभव नहीं है। भारतीय कप्तान ने कहा कि कुछ सीनियर खिलाड़ियों के कार्यभार प्रबंधन के तहत श्रीलंका के खिलाफ नये खिलाड़ियों की टीम (टी20 श्रृंखला) को उतारा गया था। रोहित ने कहा, ''अगर आप कार्यक्रम को देखें, तो लगातार मैच हो रहे है। ऐसे में कुछ खिलाड़ियों के कार्यभार को देखते हुए हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उन्हें पर्याप्त समय मिल सके और उनका प्रबंधन किया जा सके। मैं भी निश्चित रूप से उस (श्रेणी) में आता हूं।'' एशिया कप और टी20 विश्व कप जैसे टूर्नामेंटों में पुरानी शैली में बल्लेबाजी करने के कारण रोहित, कोहली और लोकेश राहुल को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। यह समझा जाता है कि रोहित मुंबई इंडियंस के साथ इंडियन प्रीमियर लीग में अपने प्रदर्शन का आकलन करने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने भविष्य के बारे में सोचेंगे। कोहली की स्थिति भी इस मामले में ऐसी ही है। राहुल को हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया गया है।

राहुल को अब राष्ट्रीय टीम का संभावित कप्तान नहीं माना जा रहा है। रोहित से यह भी पूछा गया कि उनके बाद वनडे और टेस्ट में भारत की कप्तानी का संभावित दावेदार कौन हो सकता है। रोहित ने कहा, '' अभी तो कहना मुश्किल है। सबका ध्यान एकदिवसीय विश्व कप पर है। हमारे पास विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का मैच भी है। आपको इस मामले में इंतजार करना होगा।

# बंद नाक और फ्लू के रामबाण नुस्खे, दवा से भी जल्दी मिलेगा आराम



कोरोना के साथ-साथ बदलते मौसम में फ्लू, वायरल फीवप, सर्दी खांसी की समस्या भी काफी देखने को मिल रही है। हालांकि बीते समय के मुकाबले कोरोना मरीजों की संख्या कम हो गई है लेकिन एक्टिव मरीजों के केस अभी भी सामने आ रहे हैं। कोरोना से बचाव के लिए जहां सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क लगाना, हाथ धोना, सैनेटाइजर का इस्तेमाल करना जरूरी है वहीं फ्लू के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे आजमा सकते हैं। चलिए आपको बताते हैं विंटर फ्लू, सर्दी खांसी, जुकाम, बुखार के लिए कुछ आसान घरेलू नुस्खे...

**सबसे पहले जानिए फ्लू के लक्षण**

. हल्का बुखार
. कफया बंद नाक
. गले में खराश व खांसी
. नाक बहना
. शरीर में दर्द होना
. सर्दी लगाना
. पेट की समस्याएं हो सकती हैं

बंद नाक, बहती नाक और भरी हुई नाक फ्लू के सामान्य संकेत है, जिसका सही समय पर इलाज ना करने से शरीर पर बुरा असर पड़ सकता है।

**अब जानिए फ्लू को दूर करने के लिए घरेलू नुस्खे...**

**घ्स्पाइसी फूड खाएं**

फ्लू से राहत पाने के लिए सबसे पहले तो स्पाइसी फूड का सेवन करें लेकिन जंक फूड से परहेज रखें। घर पर ही स्पाइसी फूड बनाकर खाएं। दरअशल, मिर्च में कैप्साइसिन नामक घटक होता है जो गर्मी पैदी करने के साथ नाक को साफव सूजन को कम करता है। इससे बंद नाक से भी राहत मिलती है।

**नेजल सेलाइन स्प्रे**

सेलाइन स्प्रे बंद नाक को खोलने का सबसे बेस्ट तरीका है। आप इसे बाजार से खरीद सकते हैं। इसके अलावा नमक व पानी को मिक्स करके स्प्रे या सीरिंज में डाल लें। ध्यान रखें कि इस दौरान मुंह से सांस ना लें। यह होममेड सेलाइन भी बंद नाक को खोलने में मदद करेगा।

**स्टीम लें**

फ्लू, बंद नाक या जुकाम से आराम पाने के लिए आप स्टीम भी ले सकते हैं। स्टीम लेने से बलगम पतला होने लगता है, जिससे नाक साफ हो जाती है और सासंस लेने में दिक्कत नहीं होती। स्टीमिंग वाले पानी में एसेंशियल ऑयल की कुछ बूदें डालने से जल्दी आराम मिलेगा।

**गर्म पानी या पेय पदार्थ**

फ्लू से राहत पाने के लिए गर्म पानी, ग्रीन टी, सूप जैसी चीजें लें। इससे बंद नाक से भी राहत मिलेगी और इम्यूनिटी भी बूस्ट होगी। साथ ही इससे आपको डिहाइड्रेशन भी नहीं होगा। बंद नाक को खोलने के लिए आप सिंकाई भी कर सकते हैं। इससे सिर के भारीपन से भी आराम मिलेगा। इसके लिए तैलिए को गर्म पानी में भिगोकर निचोड़ लें। इसे कुछ देर नाक व माथे पर रखें।

# ऑनलाइन गेमिंग आपके मासूमों को कर रही बर्बाद, मां-बाप को इन बातों का रखना होगा ख्याल



बच्चों में ऑनलाइन गेमिंग के लिए दिलचस्पी बढ़ती जा रही है, जो उनके लिए काफी खतरनाक साबित हो सकती है। मोबाइल पर गेमिंग की लत बच्चों के साथ माता-पिता को भी बर्बाद कर रही है। अब शिक्षा मंत्रालय ने भी ऑनलाइन गेमिंग को लेकर चेतावनी देने के साथ- साथ एडवाइजरी भी जारी की है। 'क्या करें और क्या न करें' की सूची में अभिभावकों और बच्चों के लिए कई सुझाव दिए गए हैं।

**इन चीजों का रखें ध्यान**

शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई एडवाइजरी में कहा गया है कि माता-पिता की सहमति के बिना ऐसे गेम की खरीदारी की अनुमति नहीं देनी चाहिए। सदस्यता के लिए ऐप पर क्रेडिट या डेबिट कार्ड पंजीकरण से बचना चाहिए। स्क्रीन नाम का उपयोग करना चाहिए जो उनके वास्तविक नाम को प्रकट नहीं करता हो। सुझावों के तहत निगरानी, लॉगिंग और सभी तरह की सामग्री को नियंत्रित करने के बारे में बताया गया है जहां बच्चों की पहुंच हो सकती है।

**जुए की तरह लग जाती है लत**

शिक्षा मंत्रालय द्वारा अभिभावकों और शिक्षकों के लिए 'बच्चों के सुरक्षित ऑनलाइन गेमिंग' पर परामर्श जारी किया गया है ताकि माता-पिता और शिक्षकों को आवश्यक कार्रवाई के लिए उन्हें जागरूक करने में सक्षम बनाया जा सके। इसमें उल्लेख किया गया है कि कोविड-19 महामारी के कारण स्कूलों के बंद रहने से बच्चों में मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल बढा है और उन्हें ऑनलाइन गेम की भी आदत लग रही है। इसमें कहा गया है कि गेम खेलने से आगे जुआ खेलने की गंभीर लत लग जाती है जिसे विकार के रूप में माना जाता है। गेम को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि प्रत्येक स्तर पिछले एक की तुलना में अधिक जटिल होता जाता है।


**बच्चों को लैपटॉप या मोबाइल देने से बचें**

परामर्श की 'क्या न करें' की सूची में अभिभावक की सहमति के बिना इंटरनेट आधारित गेम की खरीदारी की अनुमति नहीं देना, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशा-निर्देशों के अनुसार ओटीपी आधारित भुगतान विधियों को अपनाने तथा सदस्यता के लिए ऐप पर क्रेडिट और डेबिट कार्ड पंजीकरण से बचने को कहा गया है। प्रत्येक लेन-देन में खर्च की ऊपरी सीमा निर्धारित करने को कहा गया है और बच्चों को सीधे लैपटॉप या मोबाइल से खरीदारी नहीं करने देना चाहिए।

**गेम डाउनलोड ना करने की दें सलाह**

बच्चों को अज्ञात वेबसाइट से सॉफ्टवेयर या गेम डाउनलोड नहीं करने की सलाह भी दी गई है। परामर्श में यह भी सिफारिश की गई है कि बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं और लत को ध्यान में रखते हुए लगातार लंबे समय तक गेम में शामिल नहीं होने की सलाह दी जानी चाहिए।

# फेस शेप के अनुसार कुछ इस तरह करवाएं हेयर कट



यह तो हम सभी को पता है कि हमारे लुक में हेयर का एक अहम् रोल होता है। तभी तो लोग जब भी अपने लुक में एक चेंज चाहते हैं तो हेयर कट करवाना पसंद करते हैं। यूं तो हर तरह के हेयर कट का अपना एक अलग चार्म होता है। लेकिन वह हेयर कट आप भी अच्छा लगे, यह जरूरी नहीं है। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि हर व्यक्ति का फेस शेप अलग होता है और इसलिए उसे ऐसा हेयर कट करवाना चाहिए, जो उनके फेस शेप को कॉम्पलीमेंट करे। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको डिफरेंट फेस शेप के अनुसार कुछ हेयर कट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप बेहद आसानी से ट्राई कर सकते हैं-

अगर आपका फेस शेप ओवल है तो यकीन मानिए कि आप बहुत अधिक लकी हैं। दरअसल, यह एक ऐसा फेस शेप है, जिस पर कई तरह के हेयरस्टाइल्स और हेयर कट्स को ट्राई किया जा सकता है। ओवल फेस शेप पर लगभग हर तरह का हेयर कट जंचता है। ओवल फेस की महिलाएं जो शॉर्ट हेयर रखना पसंद करती हैं, वह ब्लंट बॉब हेयरकट या लॉब हेयरकट ट्राई कर सकती हैं। वहीं, अगर आप लॉन्ग हेयर लुक रखना चाहती हैं तो ऐसे में आप मिनिमल लेयर्स लुक रख सकती हैं।


**स्क्वेयर फेस के लिए हेयर कट**

अगर आपका फेस शेप स्क्वेयर है तो इसका अर्थ है कि आपकी जॉलाइन बेहद शॉर्प है और ऐसे में आपको ऐसे हेयर कट्स को चुनना चाहिए, जो उसे एक सॉफ्ट लुक दें। आपको ऐसे ब्लंट कट से बचना चाहिए, जो जॉलाइन पर खत्म हो, क्योंकि ऐसे हेयरकट आपकी जॉलाइन को और भी अधिक शॉर्प दिखाते हैं। साथ ही आपका फेस अधिक स्क्वेयर नजर आता है। आप हेयरकट में लेयर्स का ऑप्शन चुन सकती हैं। इसके अलावा, एमेट्रिकल बैंग्स कट भी स्केवयर फेस पर काफी अच्छा लगता है।

**राउंड फेस के लिए हेयर कट**

राउंड फेस शेप की महिलाओं को ऐसे हेयर कट का चयन करना चाहिए, जो उनकी जॉलाइन के थोड़ा लम्बा होने का भ्रम पैदा करें। इसके लिए आप लॉन्ग बॉब कट का ऑप्शन चुन सकती हैं। इसके अलावा, साइड स्वेप्ट बैंग्स भी इस फेस शेप के लिए एक अच्छा ऑप्शन माना जाता है। वहीं अगर आप अपने फेस में एक स्ट्रक्चर एड करना चाहती हैं तो हेयर कट में लेयर्स का ऑप्शन भी चुन सकती हैं।

# ऐतिहासिक और रमणीक हिल स्टेशन है चिकमगलूर



कर्नाटक की राजधानी बंगलौर से 251 किलोमीटर दूरी पर बसा रमणीक स्थल चिकमगलूर बाबा बुद्धन पहाड़ियों के बीच स्थित है। पहाड़ी और घाटियों से घिरा चिकमगलूर पूरी तरह शांत वातावरण के आवरण में लिपटा हुआ स्थल है। यहां के दर्शनीय स्थलों में केमानगुंडी का नाम पहले आता है। यह स्थान चिकमगलूर से 55 किलोमीटर दूर है जोकि एक अद्वितीय हिल स्टेशन है। यह बाबा बुद्धन पर्वत श्रृंखला में 1,434 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह हिब्बी प्रपात से 8 किलोमीटर दूर है जहां पानी 168 मीटर की ऊंचाई से गिरता है। इसके अलावा यहां कलहरी प्रपात भी है जहां पानी 122 मीटर की ऊंचाई से गिरता है।

कर्नाटक की दूसरी सबसे ऊंची चोटी कुद्रेमुख यहां से 95 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। समुद्र तल से 6,312 फुट की ऊंचाई पर कुद्रेमुख पर्वत से अरब सागर भी देखा जा सकता है। प्राकृतिक संपदा से भरपूर यह क्षेत्र कई गुफाओं से युक्त है। भूगर्भीय खोजों के बाद पता चला कि यह पहाड़ी लौह अयस्क संपदा से भरपूर है। यहां पर श्रीनगिरी नामक एक इमारत है जिसमें 12 खंभे हैं और इन पर महीने के हिसाब से सूर्य की किरणें पड़ती हैं।

यहां से 530 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में एक अति प्राचीन ऐतिहासिक नगर बीजापुर है। यदि आपके पास समय हो तो आप इसे भी देखने जा सकते हैं। यह आदिलशाही वंश की राजधानी थी। इससे पहले इस क्षेत्र पर चालुक्य वंश के हिंदू राजाओं का शासन था। इसलिए बीजापुर और उसके आसपास अनेक ऐसी ऐतिहासिक धरोहरें हैं जिनमें हिंदू और मुस्लिम स्थापत्य कला का मिलाजुला असर दिखाई पड़ता है।

यहां के दर्शनीय स्थलों में गोल गुंबद, जुम्मा मस्जिद, इब्राहिम रोजा और मलिक-ए-मैदान प्रमुख हैं। मोहम्मद आदिल शाह की ऐतिहासिक इमारत गोल गुंबद विश्व का दूसरा सबसे बड़ा गुंबद है। इसका घेरा 44 मीटर है।

गुंबद का अंदरूनी भाग बिना किसी आधार के टिका है जिसे देख कर आश्चर्य होता है। यहां एक गैलरी भी है जिसकी निर्माण कला देखते ही बनती है।

ऐतिहासिक महत्व की जुम्मा मस्जिद संभवत: भारत की पहली मस्जिद भी है। इस कारण इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। यहां स्वर्णाक्षरों में लिखी कुरान की एक अनमोल प्रति भी है जोकि सैलानियों को आकर्षित करती है।

इब्राहिम रोजा आदिल शाह द्वितीय की कब्रगाह है।

देखने पर यह ताजमहल की नकल तो नहीं लगती पर यह काफी हद तक ताजमहल से ही प्रेरित होकर बनाई गई लगती है। शायद इसीलिए यहां भी सैलानियों का काफी जमावड़ा लगा रहता है।

मलिक-ए-मैदान में विश्व की सबसे बड़ी तोप रखी गई है जोकि 14 फुट लंबी और 44 टन भारी है। इस तोप को देखने के लिए यहां सैलानियों की भारी भीड़ लगी रहती है। इन सब स्थलों के अलावा आप मितर महल, जोड़ गुंबद, असार महल, आनंद महल, अर्क किला आदि भी देखने जा सकते हैं

# गुरुवायुर एकादशी पर श्रीकृष्ण के पूजन से मिलता है मनवांछित फल




गुरुवायुर एकादशी वृश्चिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर मनायी जाती है। इस एकादशी को प्रसिद्ध गुरुवायुर कृष्ण मन्दिर में धूमधाम से मनाया जाता है। गुरुवायुर एकादशी हिंदू पंचांग के हिसाब से कार्तिक अथवा मार्गशीर्ष और अंग्रेजी कैलेण्डर के मुताबिक नवम्बर या दिसम्बर माह में ही पड़ती है। इस एकादशी को देशभर के गुरुवायुर कृष्ण मंदिरों में धूमधाम से मनाया जाता है खासकर केरल के गुरुवायुर मंदिर में इस एकादशी पर तमाम तरह के आयोजन किये जाते हैं। मान्यता है कि इस एकादशी पर भगवान श्रीकृष्ण का विधि-विधान से पूजन करने पर मनवांछित फल प्राप्त होता है और सभी पापों का भी क्षय होता है।


देखा जाये तो केरल के प्रधान देवता एवं कई परिवारों के कुल देवता श्रीगुरवापुरप्पा हैं जिनका अति प्राचीन मंदिर वहां स्थित है। केरल में इस तीर्थ का बहुत माहात्म्य है। गुरुवायूर तीर्थ की पौराणिक कथा अत्यन्त प्रसिद्ध है। कृष्ण ने अपने मित्र उद्धव को बृहस्पति के पास एक विशिष्ट संदेश लेकर भेजा। संदेश यह था कि द्वारिकापुरी को समुद्र कुछ काल में डुबो देगा। द्वारिकापुरी एक प्रसिद्ध मूर्ति थी जिस मूर्ति को विष्णु ने ब्रह्मा को दिया था। एक समय महाराजा सुतपा की रानी ने पुत्र प्राप्ति के लिए ब्रह्मा से आराधना की। ब्रह्मा ने यह मूर्ति महाराजा को प्रदान कर दी और महाराजा को उपासना करने को कहा। महाराजा इस मूर्ति की भक्ति पूर्वक आराधना करने लगा। आराधना से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें वरदान दिया कि रानी के गर्भ से मैं स्वयं विष्णु के रूप में जन्म लूंगा। दूसरे जन्म में राजा कश्यप और रानी अदिति हुए। उस समय भगवान ने बावन रूप का अवतार लिया था। तीसरे जन्म में सुतपा वासुदेव के रूप में पैदा हुए। उनकी रानी देवकी के गर्भ से कृष्ण पैदा हुए। कंस के वध के पश्चात् इस प्राचीन मूर्ति को धौम्य ऋषि को वासुदेव ने दे दिया। उन्होंने इस मूर्ति को द्वारिका में प्रतिष्ठापित किया।भगवान कृष्ण ने उद्धव से कहा था कि यह मूर्ति अत्यन्त असाधारण है और कलियुग में यह मूर्ति भक्तों के लिए अत्यन्त कल्याणदायक और वरदान रूप सिद्ध होगी। बृहस्पति कृष्ण का संदेश पाकर द्वारिका पहुंचे लेकिन तब तक द्वारिका समुद्र में डूब चुका था। वायु की सहायता से इस मूर्ति को समुद्र से निकाला गया। बृहस्पति ने मूर्ति को स्थापित करने के लिए उपयुक्त स्थान की बहुत तलाश की। वर्तमान समय में वहां यह मूर्ति स्थापित है। वहां एक सुंदर झील थी। इस झील के तट पर शिव व पार्वती जल क्रीड़ा करते थे। शिव की आज्ञा से बृहस्पति ने उस प्राचीन मूर्ति की वहां स्थापना की। चूंकि इसमें वायु देव ने प्राण प्रतिष्ठा की थी इसलिए उसका नाम गुरुवायूर हो गया।

गुरुवायूर का मंदिर अति विशाल है। कहा जाता है कि देवताओं की आज्ञानुसार विश्वकर्मा ने इस मंदिर का लकड़ी से निर्माण किया था। सन् 1970 में एक अग्निकाण्ड के कारण इसका कुछ भाग जल गया था। केरल सरकार ने अब दूसरे मंदिर का निर्माण करवा दिया है। लगभग साढ़े पांच सौ वर्ष पूर्व पांड्य देश के राजा को किसी ज्योतिषी ने कहा था कि वह सांप काटने से मर जाएगा। राजा ने तीर्थयात्रा की और गुरुवायूर पहुंचा। उस समय मंदिर ध्वस्त अवस्था में था। राजा ने उसका पुनर्निर्माण कराया। कहते हैं कि निश्चित अवधि बीत जाने पर भी राजा की मृत्यु नहीं हुई। राजा ने ज्योतिषी से उसका कारण पूछा। ज्योतिषी ने कहा कि मंदिर के निर्माण में राजा इतने व्यस्त थे कि उन्हें सर्प काटने का आभास नहीं हो सका। मंदिर के पुनर्निर्माण के पुण्य का फल है कि सांप काटने से उनकी मृत्यु नहीं हुई। इसके बाद मंदिर का कई बार निर्माण व पुनर्निर्माण होता रहा।

गुरुवायूर जगत्गुरु आदि शंकराचार्य की जन्मस्थली है। वे यहां रहा करते थे। वर्तमान में गुरुवायूर की जो पूजा होती है उनकी पद्धति आज के शंकराचार्य द्वारा जारी की गई है। गुरुवायूर मंदिर के निकट ममीपूर नामक बस्ती है जहां एक प्राचीन शिव मंदिर है। इस मंदिर में अत्यन्त प्राचीन मूर्ति की स्थापना धर्मराज ने की थी। इस शिव को ममीपुरप्पन् भी कहा जाता है।

# इरेक्टाइल डिस्फंक्शन की वजह से पड़ रहा है सेक्स लाइफ पर असर तो यह योगासन करेंगे मदद





अनहेल्थी लाइफस्टाइल के चलते पुरुषों को इरेक्टाइल डिस्फंक्शन जैसी सेक्स समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आज कल यह समस्या पुरुषों में ज्यादा देखने को मिल रही है। वैसे तो इरेक्टाइल डिस्फंक्शन पुरुषों में होने वाली बेहद ही सामान्य सेक्स समस्या है, पर इसकी वजह से सेक्स लाइफपर काफी असर पड़ता है। सेक्स करते समय पुरुष अपनी लैंगिक उत्तेजना को जल्दी खो देते हैं उस समस्या को इरेक्टाइल डिस्फंक्शन कहा जाता है। यह समस्या हार्मोनल में बदलाव, दवा के साइडइफेक्ट, रक्त प्रवाह में कमी, तनाव या अन्य साइकोलॉजिकल चिंताओं के कारण हो सकती है। आमतौर पर इस समस्या के लिए लोग दवाइयों का सहारा लेते हैं। पर क्या आपको यह बात पता है कि योग के जरिये भी आप इरेक्टाइल डिस्फंक्शन की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करके और नियमित योग करके आप इस समस्या से निजात पा सकते हैं। आईये जानते हैं कौन से योगासन करने से इरेक्टाइल डिस्फंक्शन की समस्या से ठीक हो जाएगी।

**पश्चिमोत्तानासन**

इस योगासन को सीटेड फॉरवर्ड बेंड भी कहा जाता है। इसे करने से पेल्विक मसल्स में खिचाव आता है और पेल्विक एरिया में ब्लड फ्लो भी बढ़ता है। ब्लड फ्लो के बढ़ने से प्राइवेट पार्टस को ज्यादा अच्छे से काम करने में मदद मिलती है। यह योगासन डिप्रेशन और तनाव दूर करने में भी मदद करता है।

**उत्तानासन**

इस योगासन को स्टैंडिंग फॉरवर्ड बेंड भी कहा जाता है। इसे करने से कूल्हों में और उसके आस पास के हिस्सों में लचीलापन आता है और इससे उत्तेजना बढ़ाने में भी मदद मिलती है। यह आसान इनफर्टिलिटी दूर करने में भी असरदार है।

**बद्ध कोणासन**

इस योगासन को बटरफ्लाई पोज भी कहा जाता है।

इसे करने से जांघ के अंदर के हिस्सों और प्राइवेट पार्ट्स में खिचाव आता है। यह योगासन करने से प्रोस्टेट ग्लैंड, ब्लैडर, किडनी समेत कई अंगों को फायदा मिलता है।

**जानु शीर्षासन**

इस योगासन को हेड टू नी पोज भी कहा जाता है। इसे करने से हैमस्ट्रिंग मसल्स (कूल्हों और घुटनों को गतिशीलता और स्थिरता प्रदान करने वाली मसल्स), कमर, जांघों और हिप्स में लचीलापन आता है। इस योगासन से पेट के नीचे समेत प्राइवेट पार्ट्स में ब्लड फ्लो बढ़ता है।

**धनुरासन**

इस योगासन को बो पोज भी कहते हैं। इसे करने से प्राइवेट पार्ट्स पर दबाब पड़ता है और वहां ब्लड फ्लो भी बढ़ता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634